''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 279 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए मंगलवार, 24 दिसंबर 2024 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## हरियाणा सरकार द्वारा सभी 24 फसलों पर एमएसपी की गारंटी देने का निर्णय : विपुल गोयल

### कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किसान दिवस कार्यक्रम में की शिरकत




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** सोमवार को कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने किसान दिवस के मौके पर धानुका एग्रीटेक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, पलवल द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में उन्होंने किसानों को शुभकामनाएं दीं और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री तथा किसानों के मसीहा, चौधरी चरण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**किसानों के लिए ऐतिहासिक घोषणा**

कार्यक्रम में विपुल गोयल ने हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा, मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा एक ऐसा राज्य बन चुका है, जो अब सभी 24 फसलों पर रूस्क (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की गारंटी देता है। यह कदम न केवल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि उनके भविष्य को सुरक्षित करने का भी एक ऐतिहासिक प्रयास है।

**चौधरी चरण सिंह जी को दी श्रद्धांजलि**

विपुल गोयल ने चौधरी चरण सिंह जी के योगदान को याद करते हुए कहा, चौधरी चरण सिंह जी का जीवन किसानों की सेवा और उनकी स्थिति सुधारने के लिए समर्पित था। उनकी जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**कृषि में आधुनिकता और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता**

विपुल गोयल ने केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा, आज किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी बन रहे हैं। गन्ने, मक्के, चावल और अन्य फसलों से इथेनॉल बनाकर किसानों ने ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी मिट्टी की खासियत है कि इतनी बड़ी जनसंख्या वाला देश आज दक्षिण एशिया में सबसे मजबूत देश के रूप में उभर रहा है। इसमें हमारे कृषि क्षेत्र का अतुलनीय योगदान है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योगदान**

विपुल गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र के सुधारों को भी सराहा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक नई सोच के साथ किसानों को सिर्फ अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। गन्ने के जूस, मक्के और चावल से इथेनॉल तैयार हो रहा है और पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने की शुरुआत हो चुकी है। इससे भारत के किसान ऊर्जा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

विपुल गोयल ने यह भी कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने साल 2001 में चौधरी चरण सिंह जी की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इस कदम के साथ उन्होंने किसानों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित करने की अनुशंसा करके उन्हें सर्वोत्तम श्रद्धांजलि दी और पूरे देश का दिल जीता। कार्यक्रम के समापन पर विपुल गोयल ने जय किसान, जय भारत का नारा लगाते हुए किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

## यातायात पुलिस और चौकी प्रभारी बस स्टैंड के सहयोग से रेहड़ी-फेरी वालों को किया जागरूक



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस के द्वार लगातार आमजन को जागरुक किया जा रहा है इसी क्रम में सामुदायिक पुलिसिंग टीम ने यातायात पुलिस और प्रभारी चौकी बस स्टैंड के सहयोग से रेहड़ी-फेरी वालों को जागरूकता किया। सड़क पर रेहड़ी-फेरी लगाने से उत्पन्न यातायात जाम और दुर्घटनाओं की घटनाओं को नियंत्रण करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम किया गया है।

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदु:**

**रेहड़ी-फेरी सड़क से दूर खड़ी करने की अपील:** रेहड़ी वालों को समझाया गया कि सड़क पर रेहड़ी लगाने से यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है। उन्हें सड़क किनारे व्यवस्थित ढंग से रेहड़ी लगाने की सलाह दी गई। यातायात नियमों की जानकारी: सभी उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और अन्य नागरिकों को भी इसके प्रति प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**गुड समैरिटन की भूमिका:** कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गुड समैरिटन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करता है, तो पुलिस या प्रशासन द्वारा उनसे पूछताछ के दौरान परेशान नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, ऐसे व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाता है ताकि लोग घायल व्यक्तियों की मदद करने के लिए प्रेरित हों।

**हिट एंड रन मामलों में मुआवजा:** कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों या उनके परिजनों को मुआवजे की विशेष व्यवस्था की गई है। इसमें गंभीर चोट लगने पर या मौत होने पर सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह मुआवजा भारत सरकार की सड़क सुरक्षा नीति के तहत दिया जाता है।

**सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सामूहिक संकल्प:** सभी रेहड़ी वालों ने सामूहिक संकल्प लिया कि वे यातायात पुलिस का सहयोग करेंगे, सड़क पर नियमों का पालन करेंगे और फरीदाबाद को सड़क दुर्घटनामुक्त बनाने में योगदान देंगे।

**फरीदाबाद पुलिस का संदेश:** फरीदाबाद पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, घायल व्यक्तियों की मदद करें और गुड समैरिटन योजना के तहत सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं। सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है।

## इंद्री विधानसभा क्षेत्र को मिली विकास परियोजनाओं की सौगात

### मुख्यमंत्री ने 11 करोड़ रुपये की लागत की कुल 4 परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास




**महाग्राम योजना के तहत गाँव संगोहा व संघोई में पेजयल, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य पर खर्च होंगे 24 करोड़ रुपये**

**इंद्री में छठ पूजा घाट बनाने, पीडब्ल्यूडी और मंडी बोर्ड की सड़कों के नवीनीकरण के लिए 10 करोड़ रुपये तथा 5 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज इंद्री विधानसभा क्षेत्र को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए लगभग 11 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत की कुल 4 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें मुगल माजरा गांव में 33 के.वी. सब-स्टेशन तथा मटक माजरी गाँव में स्विमिंग पूल का उद्घाटन शामिल है। इन पर 9 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत आई है। इनके अलावा मुख्यमंत्री ने बीबीपुर जाटान व दनियालपुर के उप स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास किया।

इन पर 1 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सोमवार को जिला करनाल के इंद्री विधानसभा क्षेत्र में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंद्री हल्कावासियों के लिए घोषणाओं की झड़ी लगाई। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि महाग्राम योजना के तहत गाँव संगोहा व संघोई में पेजयल, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य तीव्र गति से किया जायेगा, इस पर 24 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने इंद्री में छठ पूजा घाट बनाने, पीडब्ल्यूडी की सड़कों के नवीनीकरण के लिए 10 करोड़ रुपये तथा मंडी बोर्ड की सड़कों के नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ रुपये की राशि देने की घोषणा की। साथ ही, इंद्री हलके के स्कूलों के नवीनीकरण और उनके रखरखाव के लिए 5 करोड रुपए देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि बड़ा गांव के सब सेंटर को पीएचसी में अपग्रेड किया जाएगा। हर्बल पार्क के विस्तार और सौंदर्यीकरण का कार्य तीव्रता से किया जायगा। धनोरा एस्केप में पानी के कारण प्रभावित होने वाले गांवों की समस्या का भी निराकरण किया जाएगा, ताकि जलभराव के कारण फसलों को नुकसान न हो।

इसके अलावा, गुढ़ा इंद्री में वार्ड नंबर 10, 11, 12, 13 में बसे लोगों को मालिकाना हक देने के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निरीक्षण करके नियमानुसार हल निकलवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंद्री जैनपुर रोड से इंद्री खेड़ा रोड तक इंद्री एस्केप ड्रेन के साथ 2.5 किलोमीटर के कच्चे रास्ते को पक्का किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि इंद्री एस्केप पर वीआर ब्रिज बनाया जायगा और पुराने पुल का नवीनीकरण भी किया जाएगा। इंद्री एस्केप पर आरडी 0-5200 से दायीं ओर रास्ते का निर्माण किया जायगा। उन्होंने कहा कि इंद्री बाईपास को फोर लेन करने के लिए फिजिबिलिटी चेक करवाकर इस कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उपरोक्त घोषणाओं के अलावा, इंद्री के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## एक्सीडेंट फ्री फरीदाबाद अभियान की मुहिम के तहत विशेष जागरूक अभियान किया आयोजित



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा एक्सीडेंट फ्री फरीदाबाद मुहिम के तहत बड़खल चौक और सोहना टी-प्वाइंट पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं:**

**स्कूली बच्चों की भागीदारी:** स्थानीय स्कूलों के छात्रों ने प्ले कार्ड और नारों के माध्यम से वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने सड़क पर अनुशासन बनाए रखने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, और तेज गति से वाहन न चलाने के महत्व पर जोर दिया।

**कोहरे के दौरान वाहन चलाने के लिए जागरूकता:** सर्दियों में कोहरे के कारण बढ़ने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, वाहन चालकों को विशेष सावधानियां बरतने के लिए प्रेरित किया गया।

**फॉग लाइट का उपयोग:** वाहन चालकों को बताया गया कि कोहरे में फॉग लाइट का इस्तेमाल करें और हाई बीम का उपयोग न करें।

**सुरक्षित दूरी बनाए रखना:** चालक को आगे चलने वाले वाहनों से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई।

**धीरे और सतर्कता से वाहन चलाएं:** ओवरस्पीडिंग से बचने और सड़कों पर संकेतकों का पालन करने का आग्रह किया गया।

**रेहड़ी और बाधाओं को हटाने का आग्रह:** रेहड़ी-फेरी वालों और दुकानदारों को सड़कों पर अतिक्रमण से बचने और फुटपाथ का उपयोग न करने का अनुरोध किया गया।

**विडिओ वैन और अन्य माध्यमों से संदेश:** माध्यम से कोहरे के मौसम में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता संदेशों का प्रसार किया गया।

**सामूहिक संकल्प:** कार्यक्रम के अंत में, सभी उपस्थित नागरिकों और बच्चों ने फरीदाबाद को सड़क दुर्घटनामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया और यातायात पुलिस के साथ मिलकर काम करने का वचन दिया।

**फरीदाबाद पुलिस का संदेश:** फरीदाबाद पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि सर्दियों के मौसम में वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता बरतें। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। आपकी जागरूकता और सहयोग से ही एक्सीडेंट फ्री फरीदाबाद का सपना साकार हो सकता है।

## बेहतरीन कार्य के लिए पुलिसकर्मियों को पुलिस उपायुक्त ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त कुलदीप सिंह ने आज ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 07 पुलिसकर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। ये सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी में बेहतरीन कार्य करने के लिए चुने गए हैं। सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में सब इंस्पेक्टर राजेंद्र, मुख्य सिपाही हितेन्द्र, सिपाही विशाल,रमन, जोगिंदर, व एसपीओ ओम प्रकाश, संजू का नाम शामिल है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इन पुलिसकर्मियों को नशा विक्रेताओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही, आम जनता के बीच विश्वास स्थापित करने और अपराधियों की धरपकड़ जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। पुलिस उपायुक्त ने सभी को भविष्य में भी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## अग्रवाल वैश्य समाज ने किया कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का सम्मान

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ।** अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष रमेश अग्रवाल जी, संगठन मंत्री केदारनाथ, योगेश बंसल, राजू गुप्ता, गुलशन बंसल, राजकुमार आदि ने चांदी का गदा व पुष्प देकर कैबिनेट मंत्री का अभिनन्दन किया। यह समारोह बल्लभगढ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठन आदि के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर विपुल गोयल ने अपने उद्बोधन का समापन करते हुए कहा कि समाज की प्रगति के लिए सत्य, सेवा, और एकता का मार्ग अपनाना अनिवार्य है। आइए, हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और एक सशक्त समाज का निर्माण करें।




## रात्रि दस बजे के बाद जश्न मनाने के लिए फायरिंग व डीजे बजाने पर प्रतिबंध

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिलाधीश विश्राम कुमार मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जिला नूंह में विवाह व अन्य समारोह के दौरान रात्रि दस बजे के बाद जश्न मनाने के लिए फायरिंग व डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाया है। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि पुलिस विभाग की रिपोर्ट्स के अनुसार जिले में समारोह व उत्सव के दौरान अधिकृत शस्त्र लाइसेंसधारक आमतौर पर हवाई फायरिंग करते हैं, जिससे मानव जीवन व संपत्ति को खतरा, सार्वजनिक शांति व्यवस्था में बाधा की संभावना रहती है तथा डीजे बजाने के कारण ध्वनि प्रदूषण भी होता है। हाल के दिनों में राज्य के कई जिलों में ऐसी घटनाओं से लोगों के मृत्यु व घायल होने के मामले सामने आए हैं, जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से वायरल भी हुए हैं। कानून के अनुसार शस्त्र लाइसेंस धारकों को सुरक्षा कारणों से हथियार रखने की अनुमति दी जाती है, लेकिन वे इन आयोजनों में अन्य व्यक्तियों के जीवन को खतरे में डालने के लिए उल्लास के नाम पर फायरिंग का सहारा नहीं ले सकते हैं। इन्हीं बिंदुओ के मद्देनजर सभी बैंक्वेट हॉल, होटल मालिक या प्रबंधक आदि को निर्देशित किया गया है कि ऐसे आयोजनों के लिए संबंधित पक्षों से लिखित में आश्वासन लें कि वे समारोह या उत्सव के दौरान किसी भी तरह के हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेंगे तथा इन समारोहों में रात 10 बजे के बाद डीजे का इस्तेमाल नहीं करेंगे। डीजे की आवाज निर्धारित वोल्यूम के भीतर ही रहनी चाहिए।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

### प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# सर्दी के साथ लौट रहा जुकाम

## ये आसान घरेलू नुस्खे रखेंगे आपका ख्याल



क्या आप जानते हैं जुकाम की वजह बनने वाले कोल्ड वायरस करीब 200 किस्म के होते हैं।

सर्दी का मौसम आ गया है और इसमें सबसे ज्यादा जुकाम के मामले सामने आते हैं। इसमें लगातार छींकें आने की वजह से सिरदर्द और बदन दर्द बना रहता है। मानसून से लेकर सर्दी आने तक लोग इसके कई-कई बार शिकार होते हैं। क्या आप जानते हैं जुकाम की वजह बनने वाले कोल्ड वायरस करीब 200 किस्म के होते हैं।

अक्सर इससे निजात पाने के लिए लोग सामान्य दवाइयों का इस्तेमाल करते हैं। इस अवस्था में पहले 24 घंटे काफी निर्णायक होते हैं। क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के वायरलॉजिस्ट प्रोफेसर जॉन ऑक्सफोर्ड इसके शुरुआती स्टेज और इससे मुक्ति पाने के तरीकों के बारे में बताते हैं।

प्रोफेसर ऑक्सफोर्ड ने बताया कि जुकाम का कारण बनने वाले ये वायरस कभी भी और कहीं भी आपको घेर सकते हैं। आपको शायद अंदाजा नहीं होगा, लेकिन एक बार सांस लेने पर 10,000 से भी ज्यादा वायरस निमंत्रण दे सकते हैं, लेकिन इनमें से करीब 100 ही ऐसे वायरस होते हैं जो नाक और गले के एपीथेलियन सेल्स पर वार करते हैं। इनसे बचने के लिए आपको कई विशेष बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### ऐसे पाएं राहत

- विशेषज्ञों का दावा है कि शहद और नींबू का मिश्रण जुकाम में राहत देने में काफी मददगार है।
- कोई भी काम करने से पहले साबुन से अच्छी तरह हाथ धोएं। किसी भी पीड़ित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें।
- साल 2000 में हुई एयूएस स्टडी के मुताबिक, इस कंडीशन में चिकन सूप सबसे अच्छा खाद्य पदार्थ माना जाता है। ये जुकाम में जल्द से जल्द राहत देने में कारगर है।
- इस दौरान ऐसी चीजों का सेवन करें जो विटामिन सी युक्त हों। इसके साथ ही अगर आपके पार्टनर को जुकाम है तो उसके साथ बेड शेयर न करें।

### सूखी खांसी से हैं परेशान तो शहद, अदरक और मुलेठी आएंगी आपके काम



- खांसी की समस्या दूर करने के लिए शहद, अदरक और मुलेठी बहुत फायदेमंद होती है। इसका सेवन आपकी सूखी खांसी को जल्द से जल्द ठीक कर देता है। तो आइए आपको बताते हैं कि इन तीनों का कैसे सेवन करके खांसी की समस्या को दूर करें।
- शहद और अदरक दोनों में औषधीय गुण होते हैं, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में भी मदद करते हैं। इसके साथ ही अदरक में एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं जो खांसी ठीक करने में मदद करते हैं। इन तीनों चीजों का सेवन सिर्फ खांसी ही नहीं, बल्कि गले के लिए भी फायदेमंद होता है।
- सूखी खांसी को दूर करने के लिए एक चम्मच शहद में थोड़ा सा अदरक का जूस मिला लें। उसके कुछ समय बाद मुंह में मुलेठी की छोटी सी डंडी रख लें। इससे आपका गला भी नहीं सूखेगा, इसके साथ ही सूखी खांसी से आराम भी मिलेगा।
- इसका सेवन करने से खांसी के साथ आपका गला भी ठीक रहता है। आपको किसी भी तरह की गले से संबंधित समस्या नहीं होती है।

# आंखों की रोशनी इस तरह बढ़ाएं

## डाइट में शामिल करनी होंगी ये जीचें

आजकल समय से पहले लोगों की आखों की रोशनी कमजोर होने लगी है, क्योंकि बदलती लाइफ स्टाइल के साथ ही हम सभी को कुछ घंटे मोबाइल या कंयूटर स्क्रीन के सामने रहना होता है, लेकिन यदि हम अपने खान-पान पर थोड़ा सा ध्यान दें तो शायद इस समस्या को बढ़ने से रोका जा सकता है। जानें उन 4 चीजों के बारे में जिनके रोज खाने से आखों की रोशनी दुरुस्त रहती है-



### हरी सब्जियां

अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियों में आयरन की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो आंखों के लिए बहुत ही जरूरी है।

### गाजर

गाजर का जूस पीना सेहत के लिए तो अच्छा है ही साथ ही आंखों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। रोजाना एक गिलास गाजर का जूस पीने से आंखों पर चढ़ा चश्मा तक उतर सकता है।

### बादाम का दूध

सप्ताह में कम से कम तीन बार बादाम का दूध पिएं। इसमें विटामिन ई होता है, जो कि आंखों में किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए फायदेमंद है।

### अंडे

अंडे में अमीनो एसिड, प्रोटीन, सल्फर, लैक्टिन, ल्युटिन, सिस्टीन और विटामिन बी2 होता है। विटामिन बी सेल के कार्य करने में महत्वपूर्ण होता है।

### मछली

मछली में हाई प्रोटीन होता है। मछली आंखों के अलावा बालों के लिए भी बहुत अच्छी होती है।

### सोयाबीन

आप अगर नॉन वेज नहीं खाते, तो आप सोयाबीन खा सकते हैं, यह आपकी आंखों के लिए बहुत फायदेमंद है।

# रेसिपी

## उड़द दाल सब्जी



### सामग्री

■ उड़द दाल: 1 कप ■ प्याज: 1 (बारीक कटा) ■ हरी मिर्च: 1 (बारीक कटी) ■ जीरा: 1 चम्मच ■ हींग: 1/4 चम्मच ■ हल्दी: 1/2 चम्मच ■ धनिया पाउडर: 1/2 चम्मच ■ गरम मसाला: 1/2 चम्मच ■ पानी: 1/4 कप ■ धनिया पत्ती: गॉर्निशिंग के लिए ■ तेल या घी: आवश्यकता के अनुसार ■ नमक: स्वाद के अनुसार।

### विधि

उड़द दाल की सूखी सब्जी बनाने के लिए सबसे पहले उसे अच्छे से धो लेंगे। इसके बाद इसे 4-5 घंटे पानी में भिंगोने के लिए रख दें। 4-5 घंटे बाद इसे प्रेशर कुकर में डालकर हल्का सा पानी डालें और 3 से 4 सीटी आने तक पका लें। अब एक पैन में घी या तेल गर्म करें। इसमें जीरा डालें फिर हींग, इसके बाद इसमें प्याज, अदरक-लहसुन पेस्ट, हरी मिर्च डालकर सुनहरा होने तक भुनें। फिर इसमें उड़द दाल, हल्दी, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक डालें। अब इसे ढंककर 3-4 मिनट पकाएं। गैस बंद कर दें। ऊपर से नींबू का रस और हरी धनिया डालकर रोटी-पराठे के साथ सर्व करें।

## बैंगन करी



### सामग्री

■ सरसों के दाने: 1/4 टी स्पून ■ हल्दी: 1/4 टीस्पून ■ जीरा पाउडर: 1/4 टीस्पून ■ जीरा पाउडर: 1 टीस्पून ■ धनिया पाउडर: 1 टेबलस्पून ■ लाल मिर्च पाउडर: 1 टेबलस्पून ■ अदरक-लहसुन का पेस्ट: 1 टेबलस्पून ■ तेल: 3 टेबलस्पून ■ टमाटर: 100 ग्राम ■ प्याज: 100 ग्राम ■ बैंगन: 150 ग्राम ■ आलू: 150 ग्राम ■ बारीक कटा हरा धनिया ■ नमक : स्वाद के अनुसार ।

### विधि

कुकर में तेल गर्म करें। अब उसमें प्याज, अदरक-लहसुन का पेस्ट, टमाटर, हल्दी, मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर और नमक डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं और ढक्कन बंद कर दें। अब 15-20 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। 4-5 सीटी आने दें। पैन में तेल गर्म कर सरसों के दाने डालें। थोड़ी देर बाद उसमें जीरा, नमक और बैंगन डालें। अच्छी तरह मिलाने के बाद ढक्कन लगाकर तीन मिनट पकने दें। पानी डालें। बैंगन को हल्का मुलायम होने दें। ग्रेवी मिला कर कुछ मिनट पकने दें। उबले आलू डालकर 5 मिनट पकाएं। गैस बंद करने के बाद कटा हुआ हरा धनिया डालें। गर्मागर्म बैंगन करी को रोटी और चावल के साथ सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 3390




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

10 → 1 2 3 4; 6 ↓ 1 2 3

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो -3389 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक घर से पति-पत्नी के हँसने की कुछ ज्यादा ही आवाजें आती रहती थीं। मोहल्ले के कई लोग एकत्र होकर उनके यहाँ खुशहाली का राज जानने को पहुँचे।

मोहल्ले वालों की जिज्ञासा को शांत करते हुए पति बोला- बहुत सरल है, हमारे यहाँ मेरी बीबी बेलन, चिमटा आदि फेंककर मारती है। हम लट्ठमार होली खेलते हैं...! अगर मुझे लग जाता है तो वो हँसती और नहीं लगता है तो मैं हँसता हूँ।

□ □ □

एक बार रीमा बन-ठनकर पिक्चर देखने जा रही थी। तभी एक सहेली मिल गई। रीमा का ठाठ-बाट देखकर बोली- 'अ...हा...आ हाथों में हीरों की चूड़ियाँ, कानों में हीरे के टॉप्स, गले में हीरों का हार, यह बनारसी साड़ी क्यों, क्या तुम्हारे पति ने नौकरी कर ली है?'

रीमा बोली- 'नहीं गीता, मैंने पति बदल लिया है।'

□ □ □

चमन (नरेश से)- सुना है तुमने एक उपन्यास लिखा है?


नरेश- हाँ! एक बहुत अच्छा उपन्यास लिखा तो है।

चमन- कुछ बिके भी है?

नरेश- हाँ, बिके है न..। इस उपन्यास को प्रकाशित करने में मेरी अँगूठी, स्कूटर, बीवी की चूड़ियाँ और मंगलसूत्र जैसी कई चीजें बिक गई है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3390



### बायें से दायें:-

१. शाहरूख, अपूर्व अग्निहोत्री, महिमा की 'किसी रोज तुम से' गीत वाली फिल्म-४
४. 'हम बेवफा हरगिज न थे' गीत वाली धर्मेन्द्र, जीनत अमान की फिल्म-४
६. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मुझे दुनियावालों शरबी' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
११. अजय, सैफ, विवेक, करीना, बिपाशा की 'बीड़ी जलई' गीतवाली फिल्म-४
१३. 'आ ये हसीना रात' गीत वाली जीतेंद्र, आदित्य, एकता की फिल्म-४
१६. अक्षयकुमार, रवीना की 'क्यूं आँचल हमारा गिरा जा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आँखों से दिल में' गीत वाली फराज खान, सुमन रंगनाथन की फिल्म-३
१८. दिलीपकुमार, सायरा की 'सारे शहर में आपसा कोई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रात दुल्हन बनी चॉंद दूल्हा बना' गीत वाली जीतेंद्र, बिस्वजीत, माला सिन्हा, मुमताज की फिल्म-३
२३. धर्मेन्द्र, संजीव, शर्मिला की 'जिंदगी है क्या बोलो' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'दिल गम से' गीत वाली विजय, सुरैया की फिल्म जो सुरैया की अंतिम फिल्म थी-२
२६. संजयदत्त, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम दीवानों को' गीत वाली फिल्म-२
२७. आमिर, ममता कुलकर्णी की 'बाजी' में मुख्यमंत्री विश्वासराव चौधरी की भूमिका किसने की थी-२,३
२८. सनी, सुनील शेट्टी, शिल्पा की 'कोई परी आती नहीं' गीत वाली फिल्म-२
२९. फिल्म 'सात रंग के सपने' में अरविंद स्वामी के साथ नायिका कौन थी-२

### ऊपर से नीचे:-

१. अमिताभ, शाहरूख, सुनील, रानी, जूही की फिल्म-३
२. 'दुनिया में ऐसा कहाँ सबका नसीब' गीत वाली फिल्म-३
३. नसीरूद्दीनशाह, पूजा भट्ट की फिल्म-२
४. 'आते जाते हुए मैं सब पे नजर' गीत वाली फिल्म-२
५. इंद्रकुमार, आयशा जुल्का की फिल्म-३
७. आर्यन वैद, सोनाली कुलकर्णी की मकरंद देशपांडे निर्देशित फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-२
१०. 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
११. अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
१२. 'लम्हा लम्हा जिंदगी है' गीत वाली फिल्म-४
१३. मोहित अहलावत, निशा की फिल्म-२
१४. 'ये वादा करो चाँद' गीत वाली फिल्म-४
१५. मनोज बाजपेयी, रेखा, करिश्मा की फिल्म-३
१६. 'हम दर्द के मारों का इतना ही' गीत वाली फिल्म-२
२०. धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा की फिल्म-३
२१. 'जागे जागे नैनों में' गीत वाली फिल्म-३
२२. आफताब शिवदासानी, अमीषा पटेल, एशा देओल की फिल्म-४
२३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली फिल्म-३
२४. जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२५. 'इंतहा हो गई इंतजार की' गीत वाली अमिताभ, जया प्रदा की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3389

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ह | रा | | आँ | धी | | आ | नं | द |
| ह | | म | | खें | | जो | र | दा | र |
| रा | जा | जा | नी | | ध | र | ती | | मि |
| म | | ने | | क | र्मा | | | सा | या |
| | रा | | आ | | त्मा | | सा | ज | न |
| रा | स्ते | प्या | र | के | | श | | औ | |
| | का | | जू | | मे | रा | ध | र | म |
| स | प | ने | | दु | ला | रा | | आ | ह |
| | त्थ | | प्या | | | | स | वा | ल |
| प्या | र | का | सा | या | | सू | र | ज | |

## सूडोकु -3390

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3389 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

## शब्द पहेली - 3390



### बाएँ से दाएँ

1.उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4.कराह,टीस,लालसा-3
6.हानि,आपत्ति-2
7.दुश्मनी,बैर-3
8.इंसाफ-2
10.साठवीं जयंती-3
11.जलाऊ लकड़ी-4
14.छोटा भाई-3
16.निरंकुश,आवारा-4
17.ठाठ-बाट-2
18.आफत,मुसीबत-2
19.शैतानी,बदमाशी-4
21.सहायता-3
22.इच्छा,लालसा-4
24.कवि,गजलकार-3
25.जरा,थोड़ा-2
27.मुलायम,नाजुक-3
28.गुफा,खोह-2
29.प्रियतम,सनम-3
30.मन मोहने वाला-5

### ऊपर से नीचे

1.सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2.उत्साह.शक्ति-2
3.बिना बाल वारा,गंजा-4
4.पंक्ति,लाइन-3
5.लड़की,पुत्री,बेटी-2
7.वहम,संदेह-2
9.जुड़वा-3
12.प्रतिज्ञा,कसम-3
13.गंगा का पानी-4
15.तीखा,तीक्ष्ण-3
16.आतुर,धैर्यहीन-4
17.संभवतः-3
18.मर्कट,कपि-3
20.गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21.पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22.मनोकामना -4
23.साजन,प्रेमी-3
24.संध्या,सांझ-2
26.आनंद-2
28.महीना,मास-2

### शब्द पहेली -3389 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प | रा | या | प | न | | म | च | ल | ना |
| सां | ग | | च | | का | ली | न | | त | ट |
| व | | त | क | रा | र | | का | ल | | की |
| ला | चा | र | | | दे | श | | त | न | य |
| प | | ती | | पा | ना | | गा | | क | |
| न | क | ब | ज | न | | चा | ल | च | ल | न |
| | हा | | मा | | च | र | | ह | | म |
| म | र | ना | | द | म | | | क | स | क |
| र | | श | क | | क | रा | ह | ना | | या |
| दू | ब | | ल | बा | दा | | रा | | या | त्रा |
| द | या | क | र | | र | च | ना | का | र | |

# टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी ने मॉडर्न आर्य क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराया

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** यह मैच टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी और मॉडर्न आर्य क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच मैं टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी ने मॉडर्न आर्य क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराया, यह मैच 40 ओवर का था और मॉडर्न आर्य क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मॉडर्न आर्य क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 19.5 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 46 रन का लक्ष्य दिया। मॉडर्न आर्य क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए गौरव भाटिया ने 20 गेंद पर 2 चौके की मदद से 12 रन बनाए और वैभव पंडित ने 44 गेंदों पर 10 रन बनाए। टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए विहान विश्नोई ने 8 ओवर में 1 मेडल 15 रन देकर 5 विकेट लिए और कबीर पांचाल ने 4.5 ओवर में 10 रन देकर 5 विकेट लिए।

इस लक्ष्य का पीछा करते हुए टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी ने 6.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाकर जीत हासिल की। टी.एन.एम क्रिकेट अकादमी की और से बल्लेबाजी करते हुए आयुष्मान यादव ने 24 गेंद पर 8 चौके, 1 छक्के की मदद से 45 रन बनाए। मॉडर्न आर्य क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते निहाल कुकरेजा ने 2.2 ओवर में 19 रन देकर 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच विहान बिश्नोई व फाइटर ऑफ द मैच निहाल कुकरेजा को घोषित किया गया।




# मिली शिकायतें तो मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

## अधिकांश समस्याओं का मौके पर निराकरण, बाकी के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने अपने निवास भतोला पर रविवार को आयोजित खुला दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दरबार में करीब 21 अलग-अलग तरह की समस्याएं आईं जिनमें से 16 का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, बाकी समस्याओं के लिए अधिकारियों को निर्धारित निर्देश दिए गए हैं।

अपनी समस्या लेकर पहुंचे भतोला निवासी सुभाष चंद्र ने बताया कि उन्होंने डॉ बी आर अंबेडकर आवास नवीकरण योजना के तहत मकान की मरम्मत के लिए आवेदन किया था लेकिन महीनों बीत जाने पर भी पैसा नहीं आया, जिससे वह अपने घर की मरम्मत नहीं करवा पा रहे हैं। जबकि सुभाष दिव्यांग है और उसकी माली हालत भी ठीक नहीं है। उसने बताया कि वह योजना के तहत सभी शर्तों को पूरा करता है और बीपीएल में नाम भी है, लेकिन अभी तक उसको सरकारी सहायता नहीं मिली है। मंत्री राजेश नागर ने सम्बंधित अधिकारी को मामले की जानकारी लेकर समस्या का समाधान देने के आदेश दिए। इसके अलावा गांव खेड़ी कला के लोगों ने मंत्री राजेश नागर के समक्ष गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करके 200 बेड अस्पताल बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि गांव के स्वास्थ्य केंद्र पर करीब चार लाख लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने का दबाव है जिसके कारण इसे एक बड़े अस्पताल में बदल जाना जरूरी है। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि वह फाइल को जल्द से जल्द संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे और राहत की खबर देंगे। इसी गांव के अनेक लोगों ने उनके सरकारी स्कूलों को भी अपग्रेड करने की मांग रखी। इनके बारे में भी अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।



**बाकी बिजली विकास से संबंधित अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।**

मंत्री राजेश नागर ने बताया कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार जनता को हर सुविधा देने के लिए तीन गुनी ताकत के साथ काम कर रही है। इसके कारण हमें पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में हरियाणा सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगा। नागर ने कहा कि भाजपा की सरकार जनता की सरकार है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नेतृत्व प्राप्त है। मैं आज मंत्री बन गया हूं लेकिन मुझे आज भी, कोई कभी भी आकर मिल सकता है। मैं हमेशा हर किसी व्यक्ति के लिए उपलब्ध रहता हूं। मेरी ताकत जनता है और जनता की सेवा करना मेरा धर्म है।

# देवेन्द्र अग्रवाल ने जीता सेक्टर-37 के लोगों का दिल निजी कोष बनवाया क्षतिग्रस्त सड़क का हिस्सा

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** कहते है जो व्यक्ति दूसरों के सुख दुख के बारे में सोचता है वो ही सच्चा समाजसेवी और नेता है। वार्ड 24 के समाजसेवी एवं युवा नेता देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) ने भी कुछ ऐसा ही किया है जिसने पूरे सेक्टर-37 के लोगो का दिल जीत लिया है। दरअसल सेक्टर-37 के लोग पिछले कई महीनों से सडक़ के एक क्षतिग्रस्त हिस्से से बहुत परेशान थे। आए दिन वहां कई वाहन चालक चोटिल हो चुके थे। आज उनकी इस समस्या का समाधान एक झटके में समाजसेवी देवेन्द्र अग्रवाल(देबू) ने कर दिया। देवेन्द्र अग्रवाल ने आज अपने निजी कोष से इस क्षतिगस्त हिस्से को सेक्टर-37 के कई मौजिज लोगों की उपस्थित में बनवाया। इस




मौके पर आरडब्लूए ने उनकी खूब सराहना की। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए देवेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि मेरी जनता को कोई तकलीफ हो यह मुझे अच्छा नहीं लगेगा। मैने अपने पिता जी से सीखा है कि जनता को या तो कोई दुख तकलीफ आने ना दो यदि अगर कोई आए तो उसे जड़ से समाप्त करने के लिए दिन रात एक कर दो। उन्होनें कहा कि आप लोगों का हाथ हमेशा मेरे सिर पर आर्शीवाद के रूप में रहेगा तो मेरे मनोबल में भी वृद्वि होगी। इस मौके पर प्रधान आईडी शर्मा, सुशील यादव, अतुल भगजा, संजय गर्ग, अशुल गर्ग, सरिका गुप्ता, विरेन्द्र यादव, समरस्ट यादव, मुकेश मल्होत्रा, अनिल जैन, नरेन्द्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# वीर बाल दिवस- गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन से सीख लेने की आवश्यकता



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, स्काउट, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने विद्यार्थियों को गुरु गोबिंद सिंह जी के साहस और बलिदान के विषय में अवगत करवाया। जे आर सी एवम एस जे ए बी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर संपूर्ण देश में सिखों के अंतिम गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के अनुकरणीय साहस की कहानी से देश और दुनिया अवगत कराने के लिए वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने देश के सम्मान की रक्षा, धर्म की रक्षा एवम आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को स्मरण करने का दिन है। यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई। विशेषकर जोरावर और फतेह सिंह की। सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई में दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था। इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर उन्हें क्रमश: 8 और 5 साल की आयु में कथित तौर पर दीवार में जीवित अवस्था में चिनवा दिया गया था। विशेष रूप से छोटे बच्चों को सिखों के अंतिम गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के अनुकरणीय साहस की कहानी के बारे में बताने के लिए पूरे देश में संवादात्मक और सहभागी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिन्होंने अपनी आस्था की रक्षा के लिये प्राण न्योछावर कर दिए थे। आज देश भर के विद्यालयों में निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज सराय ख्वाजा विद्यालय में गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्राध्यापिका गीता और सरिता डुडेजा का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि संपूर्ण विश्व में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। इस से पूर्व विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र मनचंदा, गीता, सरिता, सुशीला और अन्य अध्यापकों ने विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता में रिया, अनामिका और सोनी को क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहने पर सम्मानित किया।

# सुशासन सप्ताह के तहत सुशासन नीतियों पर हुआ कार्यशाला का आयोजन




**सीईओ जिला परिषद ने की कार्यशाला की अध्यक्षता, जिला के अधिकारी रहे मौजूद**

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** किफायती, प्रभावी और पूरी क्षमता के साथ कार्य करना ही सुशासन होता है। हरियाणा सरकार की सुशासन की अवधारणा को लेकर जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है जिससे आमजन को सीधे तौर ओर लाभानवित किया जा रहा है। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत ग्रामीण विकास पर पूरा फोकस किया गया है।

यह बात जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सीईओ सतबीर मान ने कही। वे सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में सुशासन सप्ताह के तहत सुशासन गतिविधियों पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सीटीएम अंकित कुमार भी मौजूद रहे।

सीईओ सतबीर मान ने कहा कि सुशासन के लिए सरकार ने विभिन्न पोर्टल शुरू किए हैं, जिनके माध्यम से लोगों को घर बैठे ही सरकारी सेवाएं तथा योजनाएं दी जा रही हैं। सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों को जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचने के लिए डिजिटाइजेशन का भी अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि लगातार चुस्त-दुरुस्त, निष्पक्ष, जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था हम सब की जिम्मेदारी है। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के निर्देशन में राष्ट्रीय स्तर पर 19 दिसंबर से चल रहे सुशासन सप्ताह में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जागरूक करना भी है।

**सरकार नागरिकों को अच्छी प्रशासनिक व्यवस्थाएं देने को प्रतिबद्ध : सतबीर मान**

सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए सतबीर मान ने कहा कि लोकहितकारी नीतियों को प्रभावित तरीके से लागू करना ही सुशासन होता है। इसी पैमाने से गुड गवर्नेंस डे का इंडेक्स प्रदर्शित होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि सरकार की सभी योजनाओं में जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ें। युवाओं में शासन के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य को लेकर 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर सुशासन दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार नागरिकों को अच्छी प्रशासनिक व्यवस्थाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीटीएम अंकित कुमार ने कहा कि सिस्टम में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने ई गवर्नेंस पर जोर दिया है। राज्य का कोई भी नागरिक अपने गांव व जिला से संबंधित योजनाओं का लेखा-जोखा ई ग्राम स्वराज पोर्टल या ग्राम दर्शन पोर्टल पर देख सकता है। इसके माध्यम से अब मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की मॉनिटरिंग आसान हुई है। इस कार्यशाला के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों को भी दिखाया गया।

# नशे की लत का सामाजिक आर्थिक और मनोवैज्ञानिक रूप से होता है कुप्रभाव: डॉ अशोक

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखड़ी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए कठोर से कठोर पग उठाकर अपराधियों को सलाखों का मार्ग दिखाया जा रहा है। इसके साथ ही अज्ञानता के कारण कोई व्यक्ति इस दलदल में न धंसे, जागरूकता कार्यक्रम करके युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा रहा है।

ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रान्त के गांव गांव जाकर नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम कर रहे हैं। इस कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रयास फाउंडेशन से विनोद शर्मा और राजेश कौशिक ने सहभागिता की। ग्राम सपरंच सुरेंद्र शर्मा विशेष रूप से पहुंचे और ब्यूरो के इस अभियान की सराहना की।



शिक्षक विजय कुमार की अध्यक्षता में 743 विद्यार्थियों, 31 शिक्षकों और 4 अन्य कर्मियों ने भाग लिया। ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत की सर्वोच्च न्यायालय के जर्स्टिस माननीय श्री बीवी नागरत्ना और जर्स्टिस माननीय श्री एन कोटिश्वर सिंह ने ड्रग तस्करी के मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि नशे में डूबने का अभिप्राय कूल होना नहीं है और इससे बचना चाहिए। एनआईए द्वारा एक केस की जांच की जा रही है जिसमें अंकुश विपिन कपूर पर आरोप है कि वह ड्रग तस्करी का नेटवर्क चलाता था। उसने पाकिस्तान से समुन्द्र के रास्ते बड़ी मात्रा में हेरोइन की तस्करी भारत में कराई थी।

माननीय जर्स्टिस श्री नागरत्ना ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि नशे की लत का सामाजिक आर्थिक और मनोवैज्ञानिक रूप से युवाओं पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह देश के युवाओं की चमक को ही खत्म करने वाली चीज है। उनका पूरा तेज इससे छिन जाता है। ब्यूरो उप निरीक्षक डॉ वर्मा ने गीत, कविता और अन्य मुहावरे के साथ साथ नारों के द्वारा भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो और पुलिस न केवल अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज रही है अपितु जागरूकता के माध्यम से भी नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए प्रयत्नशील है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गयी।

# समाधान शिविर में एसडीएम शिखा ने सुनी शिकायतें

**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं इसी श्रृंखला में सोमवार को एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने लघु सचिवालय सभागार में नागरिकों की शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में आई शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। शिखा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनसेवा को समर्पित हो कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा निरंतर समाधान शिविर में प्राप्त




हो रही शिकायतों के समाधान की समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है। एसडीएम ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर के तहत एक छत के नीचे सभी विभागों की शिकायतों का यथासंभव निपटारा करवाया जा रहा है। प्रत्येक कार्य दिवस जिला मुख्यालय के साथ-साथ नगर निगम कार्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# करोड़ों हिंदुओं को कैसे समझा पाएंगे संघ प्रमुख?




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया जिन्हें आमतौर पर सरसंघचालक के रूप में संबोधित किया जाता है,मोहन भागवत क्या धर्मनिरपेक्षता के फेर में फंस गए हैं ? क्या आरएसएस के मुखिया संघ की धर्मनिरपेक्ष छवि बनाने के मिशन में जुटे हुए हैं ? यह सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं क्योंकि मोहन भागवत लगातार और बार-बार मंदिर-मस्जिद को लेकर बयान दे रहे हैं।

राम मंदिर आंदोलन को पूरी तरह से समर्थन देने वाला वो संगठन ( राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) जिसने अयोध्या में राम मंदिर के आंदोलन को घर घर का आंदोलन बनाने के लिए अपने अनुषांगिक संगठन विश्व हिंदू परिषद को पूरी ताकत से मैदान में उतार दिया था और अपने राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी को इसे देश की राजनीति का सबसे बड़ा मुद्दा बनाने में भरपूर मदद की थी। उसी संघ के मुखिया, सरसंघचालक मोहन भागवत आज कह रहे हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर को तलाशने की मुहिम बंद होनी चाहिए। कुछ नेता मंदिर-मस्जिद का मसला उठा कर हिंदुओं का बड़ा नेता बनना चाहते हैं। संघ प्रमुख के इस तरह के कई बयान पिछले कुछ महीनों से लगातार सुर्खियां बनते नजर आ रहे हैं।

यही वजह है कि अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या मोहन भागवत संघ की छवि धर्मनिरपेक्ष बनाने के अभियान में जुटे हुए हैं ? क्या संघ प्रमुख यानी सरसंघचालक का पद छोड़ने से पहले मोहन भागवत संघ को एक ऐसी संस्था का स्वरूप देना चाहते हैं, जिसे हिंदुओं के साथ-साथ भारत में रहने वाला हर मुसलमान और ईसाई भी अपना संगठन माने ?

कुछ लोगों के लिए मोहन भागवत का यह स्टैंड जरूर अनोखा और नया होगा ? भाजपा से पिछले कुछ वर्षों के दौरान जुड़े नए लोग खासतौर से सोशल मीडिया पर सक्रिय भाजपा के नए कैडर के लोग इसे लेकर मोहन भागवत की आलोचना करते भी नजर आने लगे हैं।

हालांकि संघ की राजनीति और कार्यकलाप को लंबे समय से देखने वाले समझदार विश्लेषक यह बात अच्छी तरह से समझ रहे हैं कि संघ के अंदर आखिर चल क्या रहा है ? वे इस बात को भी बखूबी समझ रहे हैं कि यह कोई पहला मौका नहीं है,जब संघ अपनी छवि को बदलने का प्रयास कर रहा है।

दरअसल, 90 के दशक में लालकृष्ण आडवाणी के पीछे होने और अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्वीकार्यता बढ़ने के साथ ही संघ के अंदर के एक बड़े खेमे को यह समझ आ गया था कि भारत में अगर भाजपा को कांग्रेस की तरह लंबे समय तक शासन करना है तो उसे सभी धर्मों को साथ लेकर चलना ही होगा।

संघ के चौथे सरसंघचालक राजेन्द्र सिंह, जो रज्जू भैया के नाम से प्रसिद्ध हैं के कार्यकाल में ही संघ के अंदर बदलाव को लेकर विचार विमर्श शुरू हो गया था। हालांकि इसे अमलीजामा पहनाया संघ के पांचवे सरसंघचालक केएस सुदर्शन ने। केएस सुदर्शन ने अपने कार्यकाल में संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2002 में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का गठन किया। इस मंच को देश के मुस्लिम समाज को संघ के साथ जोड़ने का टास्क सौंपा गया। इंद्रेश कुमार पिछले 22 वर्षों से देशभर में घूम-घूमकर मुस्लिम समाज को साधने के मिशन में जुटे हुए हैं।

लेकिन ऐसा लग रहा है कि इंद्रेश कुमार को बहुत ज्यादा कामयाबी नहीं मिल पाने की वजह से अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने स्वयं ही मैदान में उतरने का फैसला कर लिया है। वर्ष 2009 में संघ की कमान संभालने वाले मोहन भागवत को अब यह लगने लगा है कि संघ की छवि को बदलने का अनुकूल समय आ चुका है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है। काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को लेकर भी अब मुस्लिम समुदाय के अंदर उस तरह का हठ नजर नहीं आ रहा है, जैसा कि एक जमाने में अयोध्या को लेकर नजर आया करता था। यही वजह है कि संघ प्रमुख लगातार इस तरह का बयान दे रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि भाजपा के साथ जुड़े नए लोगों को यह समझ नहीं आ पा रहा है।

## नगरपालिका तावडू सदन के चुनावों हेतु पिछडा वर्ग ख के रिजर्वेशन हेतु वार्ड नं. 1,3 व 4 महिलाओ के लिए आरक्षित

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** रिवाईजिंग अथोरिटी-कम- उपमंडल अधिकारी (ना.) तावडू संजीव कुमार ने बताया कि आज नगरपालिका तावडू सदन के चुनावों हेतु पिछडा वर्ग ख के रिजर्वेशन हेतु जिला नगर आयुक्त डा. सुशील कुमार मलिक की अध्यक्षता में नगरपालिका तावडू कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रिजर्वेशन हेतु गठित की गई तदर्थ समिति द्वारा ड्रा ऑफ लॉट के माध्यम से वार्ड नं. 01 को पिछडा वर्ग ख की महिला वर्ग हेतु आरक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त अनारक्षित वार्डों में से वार्ड नं. 03 व 04 को ड्रा ऑफ लॉट के माध्यम से महिलाओं के लिये आरक्षित किया गया है।

## सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा जिला स्तरीय कार्यक्रम : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को प्रत्येक वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक जिला में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों सुशासन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रशासन अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम गुरूग्राम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उधोग एवं वाणिज्य,वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# मोहित के शव का अंतिम संस्कार करवाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी परिजनों को मनाने में जुटे

### समाज के प्रबुधजनों ने जताई हालात पर चिंता

### सोमवार को एसडीएम, डीएसपी, नायब तहसीलदार पंहुचे बागोत



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत में 26 वर्षीय युवक मोहित द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के दसवें दिन सोमवार को शव का अंतिम संस्कार करवाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी बागोत पंहुचे ओर परिजनों को मनाने का प्रयास किया। कनीना के एसडीएम अमित कुमार, डीएसपी दिनेश कुमार, नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, थाना इंचार्ज मुकेश कुमार,कानूनगो राजसिंह, उमेद सिंह जाखड,पटवारी प्रदीप कुमार सहित अन्य कर्मचारियों तथा मोजिजान व्यक्तियों ने पीडित के घर बागोत पंहुचकर परिजनों से बातचीत की ओर शव का अंतिम संस्कार करवाने कहा। उनकी ओर से बहुत देर की कांउसलिंग के बाद भी सहमति न बन सकी। ईधर युवक के शव अंतिम संस्कार न होने पर समाज के प्रतिष्ठितजनों ने चिंता व्यक्त की है। गौड सभा के पदाधिकारियों ने पीडित परिजनों से मृतक युवक का ससम्मान अंतिम संस्कार करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पीडित परिजनों की न्याय की लडाई में साथ हैं। ईधर मृतक युवक मोहित का शव पोस्टमार्टम होने के बाद पिछले 9 दिन से उप नागरिक अस्पताल कनीना के फ्रीजर में रखा हुआ है जिसे परिजन नहीं ले जा रहे हैं। अस्पताल तथा पुलिस कर्मचारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

मृतक के पिता कैलाश शर्मा की ओर से प्रदेश के पूर्व मंत्री सहित 8 व्यक्तियों पर युवक को आत्म हत्या के लिए जिम्मेवार ठहराया जा रहा है। जबकि इस बारे में मृतक युवक से किसी प्रकार का सुसाइड नोट आदि नहीं मिला था। केस दर्ज करने के लिए पुलिस मृतक के परिजनों के साक्ष्य मांग रही है तथा परिजन केस दर्ज करने की मांग पर अडे हुए हैं। कैलाश शर्मा का कहना है कि हिंदू धर्म में व्यक्ति की मौत के 12 दिन तक शोक मनाया जाता है। उसके बाद आगे काम किया जाता है। 12 दिन बाद वे न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाएगें।

इधर अस्पताल के चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कर रखे गए शव के खराब होने तथा संक्रमण की आशंका जताते हुए उच्च अधिकारियों से शीघ्र ही अंतिम संस्कार करने को कहा है। अधिकारी परिजनों को समझाने का प्रयत्न कर रहे हैं। एसडीएम तथा डीएसपी परिजनों से संपर्क साध रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक अधिकारियों की टीम गांव में डटी हुई थी। उनकी ओर से सहमति बनाने के प्रयास किए जा रहे थे।

# पायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की शिकायतें

### अधिकारियों को शिकायतों का त्वरिता से निवारण करने के लिए निर्देश



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने हर कार्यदिवस की तरह जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित समाधान शिविर में आए लोगों की शिकायतें सुनकर उनका समाधान करवाया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को इन शिविरों में आने वाली शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों की 05 शिकायतें आईं, जिनमें से 1 का मौके पर ही निवारण कर दिया गया। वहीं लंबित शिकायतों का भी संबंधित अधिकारियों से जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम प्रदीप अहलावत, नगराधीश अशोक कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अवैध माइनिंग जैसी गतिविधियों पर पूर्ण रोक सुनिश्चित हो : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

### उपायुक्त ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में अवैध माइनिंग की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक सुनिश्चित की जाए। इसके लिए खनन, वन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पुलिस विभाग तथा इनफोर्समेंट ब्यूरो की टीमें आपसी तालमेल से कार्य करें तथा दोषियों लोगों के खिलाफ त्वरित कार्यवाही की जाए। कोई भी व्यक्ति अवैध खनन जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उनके खिलाफ तुरंत मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाए।

उपायुक्त सोमवार को अवैध खनन मामलों को रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बैठक में जिला में अवैध खनन पर स्थिति रिपोर्ट, जब्त किए वाहनों व उन पर लगाए गए जुर्माने का विवरण, ओवरलोड वाहनों पर अब तक की गई कार्रवाई के मामलों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गांव रवां में गिरे पहाड़ के मामले में संबंधित विभाग त्वरित कार्यवाही करें तथा इनफोर्समेंट ब्यूरो की टीमें संबंधित लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू करें। उन्होंने कहा कि वन विभाग पूरे क्षेत्र की निशानदेही करवाए तथा खनन विभाग पूरे मामले की एसेस्मेंट कर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करे। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे मामले में सभी संबंधित विभाग तालमेल से कार्यवाही करें।

बैठक में एसीयूटी अनिरूद्ध यादव, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, खनन, वन विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी तथा इनफोर्समेंट ब्यूरो से एसएचओ सूरजभान सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत गरीब लोगों को मिलेंगे 100-100 गज के प्लाट : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

### जिला में पांच गांव के 782 लोगों को किया गया है चिन्हित, इन लोगों की पात्रता कमेटी करेगी वेरीफाई

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के गरीब व बेसहारा लोगों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना शुरू की है। इस योजना के तहत राज्य के ऐसे लोग जिनके पास खुद का मकान नहीं है उन्हें घर बनाने के लिए 100 - 100 गज के प्लाट दिए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि गरीब लोगों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना का विस्तार किया गया है। इस योजना के तहत पूरे प्रदेश में 2415 पंचायतों में 5 लाख 20 हजार लोगों ने आवेदन किए हैं। इसी प्रकार जिला नूंह से सरकार के पास 100 गांव की लिस्ट भेजी गई थी जिसमें से प्रथम चरण में सरकार ने पांच गांवों को चिनहित किया है, जिनमें टाईं, शिकरावा, जलालपुर नूंह ,अड़बर व टरकपुर गांव शामिल हैं। इन पांच गांव में से 782 लोगों ने 100-100 गज के प्लाट के लिए आवेदन किया है, जिनमें अड़बर गांव से 272 लोगों ने आवेदन किया है तथा जलालपुर नूंह गांव से 40 लोगों ने आवेदन किया है और 358 लोगों ने शिकरावा गांव से आवेदन किया है तथा 108 लोगों ने टाईं गांव से आवेदन किया है व टरकपुर गांव से चार लोगों ने 100-100 गज के प्लाट के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों की सौ सौ गज के प्लॉट आवंटन के लिए पात्रता जांचने के लिए प्रशासन की ओर से कमेटी बनाई गई है जो पात्र लोगों को वेरीफाई करेगी।

**मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ लेने के लिए हरियाणा सरकार ने कुछ पात्रता शर्तें :**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 100 गज के प्लाट लेने के लिए आवेदनकर्ता के परिवार की सालाना आय 1,80,000 रुपए से कम होनी चाहिए।आवेदनकर्ता हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए।आवेदनकर्ता पहले किसी भी आवास योजना का लाभार्थी नही होना चाहिए।

वे परिवार जो पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत या फिर किसी अन्य आवासीय योजना के तहत लाभ प्राप्त कर चुके हैं, वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे।

## धनौंदा में बाबा दयाल की स्मृति में 4 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2 से शुरू

### प्रतियोगिता के लिए युद्ध स्तर पर जारी हैं तैयारियां

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव धनौंदा में बाबा दयाल की 70वीं स्मृति में आगामी 2 से 5 जनवरी तक चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह ने बताया कि फुटबॉल क्लब धनौंदा की ओर से आयोजित इस एक पंचायत फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुणाल राव द्वारा किया जाएगा। इस समारोह के विशिष्ठ अतिथि अजमेर दांगी होगें। इस प्रतियोगिता में दूर-दराज से दो दर्जन से अधिक टीमों के हिस्सा लेने की संभावना है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार रूपये तथा उप विजोता टीम को 41 हजार रूपये नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 जनवरी को सुबह दौड प्रतियोगिता भी होगी जिसमें 100 मीटर, 400 मीटर, 800 तथा 1600 मीटर के अलावा 60 वर्ष से अधिक वृधों की दौड शामिल है। प्रतियोगिता का समापन 5 जनवरी को होगा जिसमें अतर लाल व औमपाल सिंह तंवर विजेता टीमों को पारितोषिक वितरित करेगें। प्रतियोगिता की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। इस मौके पर जगदीश सिंह, देवेंद्र सिंह,डॉ मुकेश कुमार, जगमाल सिंह, मा सूरत सिंह,सूबेदार मोती कुमार लाटा उपस्थित थे।

## बूंदाबांदी से रबि फसलों को हुआ फायदा, शीत लहर से जन जीवन प्रभावित

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सोमवार सुबह कनीना क्षेत्र में हुई बूंदाबांदी से रबि फसल में मावठ' लग गई है। जिससे फसलों को फायदा हुआ है। माना जा रहा है कि तीन माह बाद क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई है। इसके साथ ही शीतलहर चलने से ठंड बढ गई है। जिससे सामान्य जन जीवन प्रभावित होने लगा है। सोमवार को दिनभर बादलवाई होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बूंदाबांदी के बाद सप्ताहभर तक धुंध व कोहरा छाने की संभावना बन गई है। फिलहाल सरसों,गेहूं, जौ, चना, मटर, गाजर की फसल को फायदा हुआ है।

## नगरपालिका चुनाव के लिए कनीना में सांय तक 157 दावे-आपत्ति दर्ज

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नगरपालिका कनीना के चुनाव को लेकर की फोटोयुक्त मतदाता सूची के लिए दावा व आपतति का सोमवार को अंतिम दिन रहा। सांय तक करीब 157 दावे-आपतति दर्ज किए गए। जिनका 27 दिसंबर तक निपटान किया जायेगा। एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि हरियाणा नगर पालिका निर्वाचन नियमावली 1978 के नियम 4 (3) के अनुसार सूची का अवलोकन करने के बाद वार्ड नंबर 1 से 14 तक नगर पालिका कनीना के नए कार्यालय में दावे-आपतति दर्ज किए हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार 23 दिसंबर के बाद किसी प्रकार के दावे व आपतति पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 दिसंबर तक एसडीएम द्वारा दावे व आपततियों का निपटान किया जाएगा। 31 दिसंबर तक कोई नागरिक एसडीएम द्वारा किए गए फैसले से संतुष्ट नहीं है तो वह उपायुक्त के समक्ष अपील कर सकता है। 3 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय में उनका निपटान किया जायेगा। 6 जनवरी 2025 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। देखा जाए तो नगर पालिका कनीना के प्रधान व नगर पार्षदों का संवैधानिक कार्यकाल 13 जून 2023 को पूरा हो चुका था। लोकसभा व विधानसभा चुनाव के बाद तथा नपा कार्यकाल समापन के करीब डेढ वर्ष बाद अब नपा के चुनाव की उम्मीद है। फरवरी 2025 तक 'स्थानीय सरकार' के चुनाव पूरे होने की संभावना है। जिसके लिए शीघ्र ही मतदाता सूचि अपडेट करने का कार्य जारी है, दावे एवं आपति ली जा रही हैं। नगर पालिका कनीना में चुनाव की तैयारी को देखते हुए एक वार्ड बढने के साथ 14 वार्ड का गठन किया गया है। 14 वार्डों में कुल मतदाता 9626 है। नए नियम के अनुसार चुनाव होने हैं। जिसमें बीसीए वर्ग को आरक्षण दिया जाना प्रस्तावित है। इसके अलावा नगर पालिका प्रधान का चुनाव सीधा होगा। जिसके लिए जल्द ही आरक्षण का फैसला होना है। हरियाणा की 22 नगर पालिका व 4 परिषदों में प्रधान के पद का निर्धारण करने के लिए पहली बार परिवार पहचान पत्र से आबादी के आंकड़े लेकर अनुसूचित वर्ग व पिछड़ा वर्ग-ए को तरजीह दी जाएगी। केवल किसी शहर में आरक्षित वर्गों की आबादी एक समान होने की स्थिति में ड्रा किया जा सकता है। प्रदेश में अंबाला, थानेसर, सिरसा और पटौदी में नगर परिषद तथा कनीना, कलायत, बराड़ा, रादौर, इंद्री, नीलोखेड़ी, कलानौर, खरखौदा, बेरी, बवानी खेड़ा, लौहारू, सिवानी, हथीन, तावडू, फरुखनगर, अटेली मंडी, आदमपुर, नारनौंद, कालांवाली, जुलाना और सीवन में नगरपालिका चुनाव होने प्रस्तावित हैं।

## 25 दिसंबर को होगी जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि 25 दिसंबर को जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह करेंगें। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में कुल 15 परिवाद रखें जाएंगे जिनका मौके पर ही सामाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में 5 पुराने व 10 नए परिवाद रखें जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शिकायत का जवाब अपने साथ स्वयं लेकर आएं और अपने किसी भी अन्य अधिकारी व कर्मचारी को न भेजे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
◆ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
◆ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
◆ ग्रामीण संवाददाता ◆ फोटोग्राफर
◆ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## निर्धारित मार्ग से भटक गई वंदे भारत एक्सप्रेस, मडगांव की जगह कल्याण की ओर मुड़ गई

मुंबई । छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (सीएसएमटी)-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग से भटक गई। दरअसल, ट्रेन मडगांव जा रही थी, लेकिन ठाणे जिले के दीवा स्टेशन पर तकनीकी खराबी के कारण वह दूसरे रास्ते पर चली गई। ट्रेन के दूसरे रास्ते पर जाने से गोवा की यात्रा में 90 मिनट की देरी हुई। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कोंकण जाने वाली ट्रेनों द्वारा इस्तेमाल होने वाला दिवा-पनवेल रेलवे मार्ग पर पनवेल स्टेशन की ओर बढ़ने के बजाय एक्सप्रेस ट्रेन सुबह छह बजकर 10 मिनट पर कल्याण की ओर मुड़ गई। इस घटना के कारण मध्य रेलवे पर मुंबई की लोकल ट्रेन सेवाओं में देरी हुई। रेलवे ने बताया कि घटना दिवा जंक्शन पर डाउन फास्ट लाइन और पांचवीं लाइन के बीच बिंदु संख्या 103 पर सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणाली में गड़बड़ी के कारण हुई। दिवा जंक्शन से कोंकण की ओर जाने वाली सभी ट्रेन नियमित मार्ग पर पनवेल स्टेशन जाती हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग से भटक गई, जिसके बाद वह कल्याण स्टेशन पहुंच गई। इसके बाद वह दिवा जंक्शन पर वापस लौटी और फिर ट्रेन ने दिवा-पनवेल मार्ग पर मडगांव के लिए रवाना किया गया। रेलवे ने बताया, 'ट्रेन पांचवीं लाइन से होकर करीब सात बजकर चार मिनट पर कल्याण स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर छह पर पहुंची। ट्रेन को सात बजकर 13 मिनट पर छठी लाइन से होते हुए दिवा स्टेशन पर वापस लाया गया।' जून 2023 में शुरू की गई सीएसएमटी-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से सुबह पांच बजकर 25 मिनट पर रवाना होती है और उसी दिन दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर गोवा के मडगांव पहुंचती है।

## फुटपाथ पर सो रहे नौ लोगों को ट्रक ने कुचला, 2 बच्चों समेत 3 की मौत 6 घायल

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां फुटपाथ पर सो रहे नौ लोगों को एक ट्रक ने कुचल दिया। इसमें दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहां उनका उपचार चल रहा है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि केसनंद फाटा इलाके में फुटपाथ पर कई लोग सो रहे थे। इनमें से ज्यादातर मजदूर थे। रात के वक्त ट्रक फुटपाथ पर चढ़ गया और हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कहीं ड्राइवर नशे की हालत में तो नहीं था। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि यह हादसा रविवार देर रात करीब 12.30 बजे हुई। घटना पुणे के वाघोली इलाके में हुई, जहां कई लोग फुटपाथ पर सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए अन्य छह लोगों को सासून अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बेटी की ससुराल में पड़े रहना भी क्रूरता : कोर्ट ने पति को दे दी तलाक की इजाजत

कोलकाता। बेटी की ससुराल में ज्यादा दिन तक पड़े रहना घातक हो सकता है। घरवालों और दोस्तों का लंबे समय तक टिक जाना भी क्रूरता है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इसी आधार पर 19 दिसंबर को एक व्यक्ति को तलाक की मंजूरी दे दी। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहाकि पति की मर्जी के खिलाफ पत्नी के दोस्तों या रिश्तेदारों का लंबे समय तक उसके घर में रहना क्रूरता है। कई बार ऐसे हालात में जबकि पत्नी खुद भी घर में नहीं है, रिश्तेदारों की वहां मौजूदगी से अपीलकर्ता की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा होगा। महिला के पति ने साल 2008 में शादी के तीन साल बाद ही तलाक की अर्जी फाइल की थी। इन दोनों की शादी पश्चिम बंगाल के नाबाद्वीप में हुई थी। बाद में साल 2006 में यह दोनों कोलाघाट चले आए, जहां पति काम करता था। साल 2008 में पत्नी कोलकाता के नारकेलडांगा चली गई। उसका कहना था कि यहां पर रहना उसके लिए ज्यादा सुविधाजनक था, क्योंकि यह सियालदह से नजदीक पड़ता है, जहां वह काम करती है। हालांकि पूछताछ के दौरान उसने दावा किया कि वह अपने पति से दूर इसलिए हुई क्योंकि वह असहाय हो गई थी। साल 2008 में कोलाघाट स्थित पति के घर से पत्नी के चले जाने के बाद भी उसका परिवार और एक दोस्त वहीं ठहरे रहे। साल 2016 में पत्नी उत्तरपारा चली गई। पति का कहना है कि पत्नी का उससे दूर रहता क्रूरता है। इसके अलावा उसने यह भी कहाकि पत्नी किसी तरह का संबंध रखने या फिर बच्चे पैदा करने की इच्छुक नहीं है।

## बीजेपी के सहयोगी दल के नेता ने की शाह की आलोचना, रालोद ने पद से हटाया

लखनऊ। देश के गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहेब आंबेडकर पर दिए गए बयान की आलोचना करना रालोद के प्रवक्ता को भारी पड़ गया। रालोद की एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के आदेश के बाद प्रवक्ताओं को पद से हटाया गया है। रालोद के संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी ने यह चिट्ठी जारी की है। बताया जा रहा है कि कमल गौतम कुछ महीने पहले ही बीजेपी की सदस्यता ले चुके हैं। बता दें रालोद बीजेपी का सहयोगी दल है। रालोद प्रवक्ता कमल गौतम ने कहा था कि डॉ आंबेडकर पर अमित शाह ने जो बयान दिया वह सही नहीं है। बाबा साहेब को लोग भगवान मानते हैं और मानते रहेंगे। आप लोग कानून व्यवस्था के आदमी हैं। भगवान के मंदिर में भी अत्याचार हो रहा है। मंदिर में घुसने पर भी मार पिटाई हो रही है। ऐसे मामलों में कोई कारवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे बयान की जरुरत नहीं है। हम गृह मंत्री अमित शाह से माफी मांगने की अपील करते हैं। रालोद प्रवक्ता कमल गौतम के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स ने बीजेपी और जयंत चौधरी को ट्रोल किया। माना जा रहा है कि फजीहत के बाद रालोद ने अपने सभी प्रवक्ताओं को पद से हटाने का फैसला लिया है। प्रवक्ताओं के नए पैनल का ऐलान जल्द किया जाएगा।



# पंजाब के निकाय चुनावों में आप को जीत मिलने के बाद भी लगे कई झटके

### सीएम भगवंत मान के क्षेत्र संगरूर में 29 में से केवल सात पर ही मिली जीती

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के निकाय चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद भले ही आम आदमी पार्टी (आप) अपनी पीठ थपथपाने में लगी हो लेकिन इसे पार्टी के लिए खतरे की घंटी माना जा रहा है। निकाय चुनावों ने पांच नगर पालिकाओं में से आप को केवल पटियाला में पूर्ण बहुमत हासिल हुआ है। वह बात अलग है कि लुधियाना और जलंधर में भी आप सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

खास बात यह है कि पंजाब के सीएम भगवंत मान के क्षेत्र संगरूर में ही पार्टी को झटका लगा है। जनाकारों की माने तो यह सीएम भगवंत मान और आप दोनों के लिए खतरे की घंटी है। संगरूर में काउंसिल के चुनावों में आम आदमी पार्टी 29 में से केवल सात पर ही जीती है। वहीं कांग्रेस ने 9 और बीजेपी ने तीन पर जीत हासिल की है। वहीं लुधियाना में दो मौजूदा विधायकों की पत्नी भी चुनाव हार गईं हैं।



आप की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों में इतिहास रच दिया है, जहां 522 वार्डों में से आधे से ज्यादा पर जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह शानदार जीत आप की जन-समर्थक शासन व्यवस्था और पारदर्शी राजनीति के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। 55 फीसदी वॉर्ड में आम आदम पार्टी ने जीत हासिल की है। कांग्रेस ने 20 फीसदी (191), बीजेपी ने सात और शिरोमणि अकाली दल को 3 फीसदी वॉर्ड ही हासिल हुए हैं। संगरूर में शिरोमणि अकाली दल ने अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे इसके बाद भी आप को नुकसान उठाना पड़ा। यहां से 10 निर्दलीयों ने जीत दर्ज की है जिनमें से तीन को शिरोमणि अकाली दल का समर्थन मिला था।

पटियाला में हाईकोर्ट ने 60 में से सात वॉर्डों पर चुनाव पर रोक लगा दी थी। यहां आप को 35 सीटों पर जीत मिली है। बीजेपी और कांग्रेस ने चार-चार सीटें जीतीं हैं। एसएडी को दो पर जीत मिली है। आम आदमी पार्टी के आठ पार्षद निर्विरोध चुने गए हैं। अरोड़ा ने कहा कि विपक्ष फालतू में ही संगरूर में चुनाव में गड़बड़ियों को लेकर प्रदर्शन कर रहा था। अगर चुनाव में गड़बड़ी होती तो हमारी पार्टी का यह हाल ना होता।

लुधियाना में 95 में से 41 पर आम आदमी पार्टी को जीत मिली है। यहां भी पार्टी को बहुमत नहीं मिल पाया है। यहां विधायक गुरप्रीत सिंह गोगोई की पत्नी सुखचैन कौर और अशोक पराशर की पत्नी मीनू पाराशर को भी हार का सामना करना पड़ा। अमृतसर में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। फगवाड़ा में किसी बी दल को बहुमत नहीं मिला है। यहां कांग्रेस और बीएसपी के गठबंधन ने सबसे ज्यादा सीटें हासिल कीं। जलंधर में आम आदमी पार्टी को 85 में से 39 सीटें मिलीं वहीं दूसरे नंबर पर 34 सीटों लेकर कांग्रेस रही।

## रामगढ़ में रंगदारी वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 13 आरोपी गिरफ्तार

रामगढ़। झारखंड के रामगढ़ जिले की पुलिस ने ट्रांसपोर्टरों, कारोबारियों, खदान संचालकों और ठेकेदारों को धमकी देकर उनसे रंगदारी वसूलने वाले कुख्यात पांडेय और श्रीवास्तव गिरोहों के 13 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों गिरोहों ने धमकी देने और रंगदारी वसूलने के लिए मासिक तनख्वाह पर युवकों को बहाल कर रखा था। रांची, हजारीबाग तथा रामगढ़ जिलों में दोनों गिरोहों के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी के दौरान ये गिरफ्तारियां हुई हैं। पतरातू के एसडीपीओ पवन कुमार ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दोनों गैंग के शातिर अपराधियों के पास से दो हथियार, जिंदा कारतूस, रंगदारी में वसूली गई रकम, धमकी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल, कारोबारियों और ठेकेदारों की लिस्ट और कई तस्वीरें बरामद की गई हैं। गिरफ्तार किए गए पांडेय गिरोह के अपराधियों में हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी सुनील कुमार और सूरत कुमार दास, रामगढ़ जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र के पुराना बुध बाजार निवासी राजविंदर सिंह उर्फ आकाश उर्फ गोलू, राजवीर सिंह उर्फ कैप्टन, मोहित कुमार ठाकुर, रेलिगड़ा निवासी ब्रजेश कुमार, भुरकुंडा थाना क्षेत्र का रिवर साइड निवासी वशिष्ठ कुमार उर्फ बिद्धू, कुजू ओपी क्षेत्र के आरा डूमरबेड़ा निवासी सरफराज अहमद, भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के बजरंग चौक, रिवर साइड निवासी राजवीर सिंह, प्रेम कुमार और हरपीत सिंह शामिल हैं। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि पांडेय गिरोह के गिरफ्तार 11 अपराधियों ने हाल में 13 लाख रुपये की रंगदारी वसूली थी। इसी तरह श्रीवास्तव गिरोह के गिरफ्तार अपराधियों में रांची जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोकर, डेलाटोली निवासी साहिल सिंह और लालपुर थाना क्षेत्र के न्यू नगराटोली निवासी राहुल शर्मा शामिल हैं। जेल में बंद श्रीवास्तव गैंग के सरगना अमन श्रीवास्तव एवं शिव शर्मा के इशारे पर उनके गुर्गे कोयला क्षेत्र के खदान संचालकों, ट्रांसपोर्टरों, ठेकेदारों और कंपनी संचालकों से रंगदारी वसूलते थे।

## उद्धव ठाकरे के सामने संकट, पार्टी का एक धड़ा चाहता है कांग्रेस से गठबंधन तोड़ा जाए



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 2024 में मिली शर्मनाक हार के बाद से महाविकास अघाड़ी गठबंधन मुश्किलों का सामना कर रही है। नतीजों के बाद से शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे की भी टेंशन बढ़ गई है। दरअसल, उद्धव की पार्टी के कुछ नेताओं को दो टूक कहना हैं कि पार्टी को चुनाव में नुकसान कांग्रेस से गठबंधन के कारण हुआ है। हाल ही में शिवसेना (यूबीटी)निरीक्षकों की बैठक में पार्टी के एक धड़े ने उद्धव ठाकरे से कांग्रेस से गठबंधन तोड़ने की मांग की है।

शिवसेना (यूबीटी) निरीक्षकों की बैठक से बड़ी जानकारी सामने आई है सूत्रों के मुताबिक, शिवसेना(यूबीटी) के एक धड़े ने उद्धव से कांग्रेस से गठबंधन तोड़ने की मांग की है। इस धड़े का कहना है कि कांग्रेस से गठबंधन की वजह से नुकसान हो रहा है, कांग्रेस के वजह से हमारे हिंदूत्व पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह धड़ा आगामी बीएमसी चुनाव में एकला चलो के लिए ठाकरे पर दबाव बना रहा है।

वहीं शिवसेना (यूबीटी) नेता सुभाष देसाई ने बयान जारी किया है। देसाई ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं का एक वर्ग चाहता है कि बीएमसी चुनाव अपने दम पर लड़ा जाए। उन्हें लगता है कि विधानसभा में नुकसान हुआ। इस बारे में उद्धव अंतिम फैसला लेने वाले है।

हाल ही में शिवसेना यूबीटी के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने भी बीएमसी चुनाव अपने दम पर लड़ने के संकेत दिए थे। राउत ने कहा था कि कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि महानगरपालिका चुनाव अपने दम पर लड़ा जाए। संजय राउत ने कहा था कि मुंबई में हमारी ताकत है। मुंबई में हमें लड़ना चाहिए ये कार्यकर्ताओं की इच्छा है।

## महाराष्ट्र में खत्म नहीं हुआ सियासी टेंशन, अब प्रभारी मंत्री बनने पर रार

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव हुए नया सीएम,नई सरकार,सबकुछ हो गया लेकिन सियासी टेंशन खत्म नहीं हुआ है।विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले 39 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई और अब उनके विभागों का बंटवारा भी हो गया है। सीएम फडणवीस ऊर्जा, कानून एवं न्यायपालिका, सामान्य प्रशासन विभाग और सूचना एवं प्रचार विभाग भी संभालेंगे। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को शहरी विकास, आवास और लोक निर्माण विभाग (सार्वजनिक उद्यम) आवंटित किया गया है। वहीं अजित पवार को वित्त एवं योजना और राज्य उत्पाद शुल्क विभाग मिला है। विभागों के आवंटन को लेकर खींचतान के बाद अब प्रभारी मंत्री बनने को लेकर तनातनी देखने को मिल रही है। दरअसल प्रभारी मंत्री को जिले के विकास का जिम्मा दिया जाता है। जिला



विकास और योजना का फंड भी उसके नियंत्रण में रहता है।

शिव सेना के मंत्री भारत गोगावाले और संजय शिरसाट ने पहले ही रायगढ़ और छत्रपति संभाजीनगर जिलों पर दावा ठोक दिया है। वहीं एसीपी और बीजेपी की नजर भी इन जिलों पर है। फडणवीस की सरकार में 42 मंत्री बनाए गए हैं लेकिन 12 जिले ऐसे भी हैं जहां से कोई मंत्री नहीं बना है। वहीं कुछ जिलों से कई विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। ऐसे में उनके बीच अब डिस्ट्रिक्ट गार्जियन बनने की होड़ लगी है।पिछली सरकार में सावंतवाड़ी से शिवसेना के विधायक दीपक केसरकर को मुंबई सिटी की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि इस बार बीजेपी किसी भी समझौते के मूड में नजर नहीं आ रही है। चुनाव परिणामों के बाद बीजेपी का यह रुख पहले भी देखा जा चुका है. वहीं सिरसाट ने दावा किया है कि संभाजीनगर में उनको गार्जियन बनाने का केवल ऐलान बाकी है। वहीं यहां से बीजेपी के विधायक अतुल सावे ने कहा कि महायुति जो भी फैसला लेगी उन्हें स्वीकार होगा। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने मुझपर पहले भी विश्वास किया है और इसीलिए तीन विभाग दिए गए हैं। वहीं रायगढ़ में अदिति तटकरे और गोगावले के बीच खींचतान हो सकती है। एनसीपी के मंत्री मानिकराव कोकाते ने कहा कि जिले में पार्टी के सात विधायक हैं। वहीं बीजेपी के पांच और शिवसेना के दो हैं। ऐसे में नासिक पर भी उनका ही दावा मजबूत है।

## धर्म का अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है इसे समझने की जरुरत

### आरएसएस प्रमुख भागवत ने धर्म के नाम पर हो रहे अत्याचार पर रखे विचार

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती में महानुभाव आश्रम के शताब्दी समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि धर्म का महत्व है, लेकिन इसे सही ढंग से समझने और सिखाने की जरूरत है। धर्म का अधूरा या अनुचित ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है। धर्म को समझना कठिन है और इसके नाम पर होने वाले उत्पीड़न और अत्याचार धर्म की सही समझ की कमी के कारण होते हैं। मोहन भागवत ने कहा कि धर्म सत्य का आधार है। यह सृष्टि के आरंभ से अंत तक का मार्गदर्शक है और इसलिए इसे सनातन कहा जाता है। धर्म की रक्षा करना जरूरी है, क्योंकि यह सत्य, अहिंसा, शांति और समानता की भावना को जागृत करता है। संप्रदाय कभी लड़ना नहीं सिखाता, वह हमेशा समाज को जोड़ने का काम करता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि धर्म को समझाने के लिए संप्रदायों की जरुरत होती है। बाबा ने इसे स्पष्ट किया है कि धर्म को समझने के लिए बुद्धि की जरूरत होती है। जिसके पास सही विवेक और बुद्धि होती है, वही सही मायनों में धर्म और संप्रदाय की गहराई को समझ सकता है।



# खेती के विकास से ही विकसित राष्ट्र सपना साकार होगा: धनखड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 के विजेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। जब तक कृषि का विकास नहीं होगा, ग्रामीण परिदृश्य को नहीं बदला जा सकता और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलेगा, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं रख सकते। धनखड़ ने कृषि, ग्रामीण विकास और पत्रकारिता में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 प्रदान किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में धनखड़ ने चौधरी चरण सिंह की असाधारण विरासत की सराहना करते हुए ग्रामीण विकास, किसानों के कल्याण एवं समावेशी विकास के प्रति उनके अथक समर्पण का उल्लेख किया।

चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 में कृषि, ग्रामीण विकास और पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सुश्री नीरजा चौधरी को व्यावहारिक पत्रकारिता के प्रति समर्पण के लिए कलाम रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। जल संरक्षण में उनके अग्रणी प्रयासों के



लिए डॉ. राजेंद्र सिंह को सेवा रत्न पुरस्कार प्रदान किया गया। कृषि अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए डॉ. फिरोज हुसैन को कृषक उत्थान पुरस्कार प्रदान किया गया। श्री प्रीतम सिंह को कृषि उत्कृष्टता में उनके योगदान के लिए किसान पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चौधरी चरण सिंह देश के उत्कृष्ट व्यक्तित्वों में से एक थे। वह एक ऐसे व्यक्ति थे जो पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी, ग्रामीण विकास और किसानों के लिए प्रतिबद्धता तथा अपने विचारों को व्यक्त करने में निडर थे।

चौधरी चरण सिंह के योगदान को कम मान्यता मिलने पर चिंता जताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब लोग ऐसे व्यक्ति के महान योगदान का मूल्यांकन करने में अदूरदर्शिता दिखाते हैं तो मन को ठेस पहुंचती है। उनके अद्भुत गुण, गहरी लगन और ग्रामीण भारत के बारे में उनका ज्ञान दुनिया भर के प्रबुद्ध व्यक्तियों के लिए चिंतन का विषय है। एक धरतीपुत्र के रूप में, वह न केवल ग्रामीण भारत के बारे में बल्कि शहरी भारत के बारे में भी सजग थे और उनकी दूरदृष्टि हमारी सभ्यतागत लोकाचार से जुड़ी हुई थी। भारत की आर्थिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस समय भारत पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। निस्संदेह, हमारी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है। हम वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े देश हैं और जापान और जर्मनी से आगे निकलकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं लेकिन 2047 तक विकसित देश बनने के लिए हमारी आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए जो एक बड़ी चुनौती है।

## राहुल गांधी को नोटिस भेजने पर भड़की कांग्रेस बोली- ऐसे जजों को बर्खास्त करो

*** जाति जनगणना पर दिए बयान को लेकर बरेली कोर्ट में दाखिल की गई है याचिका**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में जाति जनगणना पर दिए बयान से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बरेली की जिला कोर्ट ने राहुल को उनके इस बयान को लेकर नोटिस जारी किया है। इस पर कांग्रेस भड़क गई और कहा कि ऐसे जजों को तुरंत ही उनके पद से बर्खास्त कर देना चाहिए। उनको जो गरीबों व अन्य से जुड़े मामले हैं, उस पर फैसला सुनाना चाहिए। बरेली कोर्ट ने राहुल गांधी को नोटिस जारी करते हुए 7 जनवरी को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा है।

बरेली जिला अदालत द्वारा राहुल गांधी को नोटिस दिए जाने पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि यह न कोई खबर है और न ही इस पर कोई चर्चा होनी चाहिए। ऐसे मानसिक बीमार लोगों के पास याचिका फाइल करने के



लिए समय होता है। कोर्ट की क्या दुर्दशा हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट की बात लोअर कोर्ट नहीं मान रही हैं। ऐसे मामले में भी नोटिस करना, जिसका कोई मतलब नहीं है, यह बकवास है। ऐसे जजों को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए। लगता है अनपढ़ लोग हैं। या तो राजनीति दबाव में काम कर रहे हैं। जो मामले लंबित हैं गरीबों के, उस पर फैसला लेना चाहिए।

राज ने कहा कि जाति जनगणना पर राहुल गांधी ने उसका प्रचार किया, यह तो हमारा मुद्दा है। यह तो सामाजिक न्याय है, सबको भागीदारी देने की बात है। जिनकी पर्चेजिंग पावर नहीं है, उनके लिए योजनाएं बनाएं, उससे देश तरक्की करेगा। इससे बड़ा हित का मुद्दा इस समय भारत की राजनीति में है ही नहीं। याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है कि हमें लगा कि जाति जनगणना पर चुनाव के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान देश में गृहयुद्ध शुरू करने की कोशिश की तरह है। शुरू में याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट में दायर की गई थी, जहां इसे खारिज कर दिया गया था। याचिकाकर्ता ने जिला न्यायाधीश कोर्ट में अपील करके मामले को आगे बढ़ाया।

याचिकाकर्ता ने इस बात पर जोर दिया कि राहुल गांधी के बयान से देश में विभाजन और अशांति फैलने की संभावना है, जिसके लिए न्यायिक हस्तक्षेप की जरुरत है। इस बीच राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग जारी रखी। उन्होंने दावा किया कि संविधान पर आक्रमण हुआ है और बीजेपी, पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करके बहुत बड़ी गलती की है।

# भारतीय वायुसेना में पायलटों की भारी कमी, कैग की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना में इन दिनों पायलटों की भारी कमी है। इससे ऑपरेशनल रेडिनेस की तैयारी में दिक्कत होगी। यानी अचानक से कई फ्रंट पर जरूरत पड़ जाए, वायुसेना के पास पायलट कम हैं। इसका खुलासा किया है कॉम्प्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (कैग) ऑफ इंडिया ने किया है। इस पर रक्षा मामलों की संसदीय समिति ने भी अपनी चिंता जाहिर की है। कैग ने अपनी रिपोर्ट में इंडियन एयरफोर्स में पायलटों की कमी के आंकड़े बताए हैं। फरवरी 2015 में 486 पायलटों की कम थी। जो 2021 के अंत तक 596 हो गई। जबकि 2016 से 2021 के बीच 222 ट्रेनी पायलटों को भर्ती करने का प्लान था। लेकिन वायुसेना टारगेट पूरा नहीं कर सकी। अब स्थिति गंभीर हो गई है।

जानकार का मानना है कि पायलटों की भर्ती में कई प्रकार की चुनौतियां होती हैं। इसलिए ये कमी महसूस की जा रही है। कॉमर्शियल एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों में पैकेज ऑफर बहुत ज्यादा हैं।लाइफस्टाइल संतुलित और स्थिर है। अनुभवी मिलिट्री पायलट्स सर्विस से निकल कर वहां जा रहे हैं।

### 42 स्क्वॉड्रन चाहिए, हैं सिर्फ 31 ही

संसदीय समिति ने देखा कि पायलट-टू-सीट रेशियो 1.25ः1 प्रत्येक फाइटर जेट के लिए हैं। शांति के समय ये आंकड़ा ठीक है। लेकिन जब जंग की स्थिति होगी तब ये स्थिति गंभीर हो सकती है। इसके साथ ही वायुसेना वर्तमान में 31 स्क्वॉड्रन्स के साथ अपनी ड्यूटी परफॉर्म कर रही है।

नए एयरक्राफ्ट्स के आने और पुराने को हटाने में समय लग रहा है। इसकी वजह से भारतीय वायुसेना की एरियल कॉम्बैट कैपेबिलिटी कमतर होती चली जाएगी। कैग और संसदीय समिति की रिपोर्ट ने तत्काल और तेजी से इन दोनों दिशाओं की तरफ मोदी सरकार को कदम उठाने को कह चुकी है।

वायुसेना ने एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (एफसीएटी) और एयर फोर्स सेलेक्शन बोर्ड (एएफएसबी) ने रिक्रूटमेंट प्रोसेस को तेज किया है। इस डिजिटल कैंपने दिशा के तहत नई शुरूआत दी गई है।



# सेमीकंडक्टर स्टार्टअप माइंडग्रोव टेक्नोलॉजीज ने जुटाए 80 लाख डॉलर

**- कंपनी निवेश का उपयोग अपने विस्तार के लिए करेगी**



**नई दिल्ली ।** फैबलेस सेमीकंडक्टर डिजाइन स्टार्टअप माइंडग्रोव टेक्नोलॉजिज ने ए श्रृंखला राउंड में 80 लाख डॉलर जुटाए हैं। इस रकम का उपयोग कंपनी अपने कार्यबल का विस्तार करने और अपनी इन हाउस इंजीनियरिंग क्षमताओं को बढ़ाने में करेगी। कंपनी ने यह जानकारी दी है। इस दौर का सह नेतृत्व रॉकेटशिप वीसी और स्पेशियल इन्वेस्ट ने किया। निवेश से कंपनी को अपने पहले चिप के उत्पादन और बिक्री बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इस साल शुरुआत में मई 2024 में कंपनी ने सिक्योर आईओटी पेश किया था, जो भारत का पहला वाणिज्यिक ग्रेड उच्च प्रदर्शन माइक्रोकंट्रोलर एसओसी (सिस्टम ऑन चिप) और 28 एनएम पर तैयार किया गया। इसे उन इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज के लिए डिजाइन किया गया है जो घड़ियां, मीटर, ताले और एक्सेस कंट्रोल यूनिट को स्मार्ट में बदल रही हैं। साथ ही साथ प्रिंटर और प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों जैसी पावर डिवाइसों में यह काम आता है। चिप के अगले साल के मध्य तक बाजार में आने की संभावना है। इसके अलावा, माइंडग्रोव को भारत सरकार की सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़ी प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के तहत एक नई चिप, विजन एसओसी तैयार करने के लिए भी 15 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है।

# सरकार की नई योजना: बिना गारंटी मिलेगा 20 लाख तक का होम लोन!

**- केंद्र सरकार जल्द ही नई होम लोन स्कीम का कर सकती है ऐलान**

**नई दिल्ली ।** सरकार ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना और भी आसान बनाने के लिए एक नई योजना शुरू की है। इस स्कीम के तहत बिना गारंटी और कम दस्तावेजों के आधार पर लोगों को 20 लाख रुपये तक का होम लोन प्रदान किया जाएगा। यह योजना खासकर उन लोगों के लिए बनाई जा रही है, जिनके पास नियमित इनकम के प्रमाण नहीं है या जिनके पास संपत्ति गिरवी रखने का विकल्प नहीं है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार जल्द ही इस नई होम लोन स्कीम का ऐलान कर सकती है। इस योजना के अंतर्गत ऋण अवधि 30 साल तक और न्यूनतम ब्याज दरों का प्रावधान होगा। लोन राशि पर 70 फीसदी तक की सरकारी गारंटी भी दी जाएगी। इसके साथ ही, 6.5 फीसदी तक की ब्याज सब्सिडी का भी प्रावधान होगा। यह कदम न केवल घर की मांग को बढ़ाएगा,



बल्कि लाखों लोगों के घर के सपनों को पूरा करने में मदद करेगा। इस योजना के माध्यम से, आवास सेक्टर को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी और समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

# चेन्नई की कंपनी ने अपने कर्मचारियों को गिफ्ट में दी टाटा की कार और बुलेट

**कंपनी ने कहा, इस प्रकार की पहल कार्यकर्ताओं की प्रेरित क्षमताओं को देती है बढ़ावा**

**तमिलनाडु ।** चेन्नई की लोजिस्टिक कंपनी सरमाउंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों को खुश करने के लिए एक अनूठा कदम उठाया है। उन्होंने 20 कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्टता की पहचान करते हुए टाटा की कार, एक्टिवा स्कूटी, और रॉयल एनफील्ड बाइक उपहार में दिए हैं। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस महत्वपूर्ण कदम की प्रशंसा की और बताया कि इसका मकसद कर्मचारियों के प्रेरणा और कंपनी के लक्ष्यों में सफलता का सहारा देना है। इस उपहार के साथ, सरमाउंट लॉजिस्टिक्स ने अपनी कर्मचारियों की मेहनत की प्रशंसा की है और उन्हें संगठन में प्रस्तुतिकरण और उत्साह बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है। कंपनी का विश्वास है कि इस प्रकार की पहल कार्यकर्ताओं की प्रेरित क्षमताओं को बढ़ावा देती है और संगठन को सफ़लता तक पहुंचाने में मदद करती है। कर्मचारियों की भलाई और संगठन में योगदान को सराहना करना



सरमाउंट लॉजिस्टिक्स की प्राथमिकता है। अे धिकारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य लॉजिस्टिक्स से जुड़ी चुनौतियों को हल करके सभी व्यवसायों के लिए इसे सरल बनाना है। इस प्रकार सरमाउंट लॉजिस्टिक्स ने कर्मचारियों के प्रदर्शन को सम्मानित करते हुए एक महत्वपूर्ण मुकम्मल उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# प्याज का एक महीने में 50 फीसदी गिरा थोक भाव

**- प्याज की कीमतें 4000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर 2000 रुपए प्रति क्विंटल हुई**



**नई दिल्ली ।** देश में पिछले कुछ समय से प्याज के बढ़ते भाव के संकेत के बाद अब इस विषय पर ब्रेक लग गया है। लासलगांव में सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी में प्याज की कीमत एक महीने में 50 फीसदी गिर गई है। पिछले महीने तक जहां प्याज की कीमतें 4000 रुपए प्रति क्विंटल थीं, वहीं रविवार को यह 2000 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। नई खरीफ फसल की आवक से प्याज का मार्केट में भाव गिर रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक क्षेत्रों में नए प्याज की आवक बढ़ने से रेट और भी गिर सकते हैं। प्याज व्यापारियों का कहना है कि खरीफ फसल का प्याज अधिक नमी के कारण लंबे समय तक भंडारित नहीं किया जा सकता, इसलिए किसान भरपूर उत्पादन के बावजूद इसे खुदाई के साथ ही बाजार में ले जा रहे हैं। अच्छी मानसूनी बारिश ने इस साल प्याज समेत अन्य फसलों जैसे टमाटर और आलू के उत्पादन को बढ़ावा दिया है। खरीफ प्याज का क्षेत्रफल इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 27 फीसदी अधिक है। लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति के निदेशक ने बताया कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में प्याज की बढ़ती आवक से मंडी भाव गिर रहे हैं। इसके बावजूद, सरकार ने प्याज के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगाया है। निर्यात शुल्क की कटौती की मांग हो रही है और उम्मीद है कि इससे मांग और कीमतें बढ़ सकती हैं। खरीफ फसल की मजबूत आवक से अगले कुछ हफ्तों में खुदरा कीमतों में और नरमी आने की उम्मीद है। यहां भी पुरानी संगतियों के अनुसार प्याज की खुदरा कीमतें 60 रुपए प्रति किलोग्राम से घटकर 40 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

# एसआईपी ग्रोथ में इंडेक्स फंड उच्च स्तर पर

**- एक साल में 85 फीसदी की जोरदार बढ़ोतरी**




**नई दिल्ली ।** इंडेक्स फंड्स ने सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कैटेगरी के रूप में टॉप स्थान हासिल किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक साल में इस कैटेगरी में 85 फीसदी की जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसी अवधि के दौरान लाइव एसआईपी खातों में भी 80 फीसदी की ग्रोथ देखी गई, जो निवेशकों के बीच पैसिव इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इंडेक्स फंड्स के लिए औसत एसआईपी टिकट साइज व्यापक म्युचुअल फंड उद्योग के समान है। हालांकि, इंडेक्स फंड्स की ग्रोथ रेट 14 फीसदी रही, जो उद्योग की कुल 8 फीसदी की ग्रोथ रेट से काफी अधिक है। जैसा कि नाम से पता चलता है, एक इंडेक्स म्युचुअल फंड उन शेयरों में निवेश करता है जो किसी स्टॉक मार्केट इंडेक्स, जैसे एनएसई निफ्टी, बीएसई सेंसेक्स आदि, को ट्रैक करते हैं। ये पैसिवली मैनेज्ड फंड्स होते हैं, जिसका मतलब है कि फंड मैनेजर उसी अनुपात में उन्हीं सिक्योरिटीज में निवेश करते हैं, जो संबंधित इंडेक्स में होती है, और पोर्टफोलियो कम्पोजिशन में कोई बदलाव नहीं करते। ये फंड उस इंडेक्स के बराबर रिटर्न देने का प्रयास करते हैं जिसे वे ट्रैक करते हैं। सितंबर 2024 तक इंडेक्स फंड्स के कुल एयूएम में से 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी खुदरा निवेशकों की है, जबकि बाकी हिस्सा कॉरपोरेट्स और अन्य संस्थानों के पास है। यह दर्शाता है कि रिटेल निवेशक इंडेक्स फंड्स को एक सरल और किफायती निवेश विकल्प के रूप में तेजी से अपना रहे हैं।

## 2024-25 में पश्चिम बंगाल का राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय से अधिक: रिपोर्ट

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल का एक राजकोषीय व्यय रेटिंग एजेंसी की नजर में 2024–25 वित्त वर्ष की पहली छमाही में इसके पूंजीगत व्यय से अधिक हो गया है। रेटिंग एजेंसी के अनुसार इससे राजस्व व्यय और राजकोषीय व्यय के बीच बढ़ते असंतुलन का पता चलता है, जो भारतीय राज्यों में देखे गए व्यापक रुझानों के अनुरूप है। रे टिंग एजेंसी की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिम बंगाल ने राजस्व व्यय में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि पूंजीगत व्यय केवल 7.7 प्रतिशत बढ़ा है। रिपोर्ट में इस वृद्धि की जिम्मेदार कारण चुनावी वादों के लिए मुफ्त उपहार, आय सहायता और ऋण माफी को लागू करना बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पश्चिम बंगाल के राजस्व व्यय मजबूत रहा है और यह अन्य राज्यों की तुलना में उत्तम है। कुल मिलाकर, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में अपने बजटीय राजस्व व्यय का 41.5 प्रतिशत उपयोग किया है, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही की तुलना में थोड़ा अधिक है।

## इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 11 फीसदी का उछाल

**- इंडिया सीमेंट के शेयरों में पिछले एक साल में 47.12 फीसदी की तेजी आई**

**नई दिल्ली।** इंडिया सीमेंट्स के शेयर ने सोमवार को बीएसई पर 11 फीसदी बढ़कर 376.30 रुपए पर पहुंच गया। इस तेजी का कारण भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट के इंडिया सीमेंट्स में 32.72 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी को मंजूरी दे दी गई है। इस खबर का असर अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों पर भी पड़ा, जिन्होंने 1.4 फीसदी की बढ़ोतरी करके 11,585.40 रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। इंडिया सीमेंट्स की टॉप सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक ने इंडिया सीमेंट्स के प्रमोटर्स और अन्य शेयरहोल्डर्स से 10.14 करोड़ शेयरों को खरीदने की मंजूरी दी थी, जो एक प्राइमरी एक्विजिशन है। कंपनी ने सार्वजनिक शेयरधारकों को 390 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर कंपनी के 8.06 करोड़ शेयर हासिल करने के लिए ओपन ऑफर भी दिया। इसमें अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में भी वृद्धि हुई और कंपनी ने हाल ही में सीसीआई की मंजूरी प्राप्त की। इंडिया सीमेंट सॉउथ इंडिया की बड़ी सीमेंट कंपनियों में से एक है और इसके शेयरों में पिछले एक साल में 47.12 फीसदी की तेजी आई है। अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर चार्ट पर अपने सभी अहम एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज से काफी ऊपर है और ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के अनुसार इसका आरएसआई मिड-रेंज लेवल पर हैं।

## मक्का से चमकेगी किसानों की किस्मत

**नई दिल्ली ।** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए खेती की विविधता में बदलाव की बहस हमेशा सम्मोहित करती रही है। सभी क्षेत्रों में किसानों के लिए यह एक सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया है। दुनिया भर में खानपान के लिए मांग का ताजा अध्ययन करते हुए विशेषज्ञों ने आगामी समय में किसानों के लिए अच्छे नतीजे देने के लिए अनाज की विविधता में रूचि दिखाई। मक्के और गन्ने के इथेनॉल प्रोडक्ट्स की पेशकश किसानों के लिए नए दरवाजे खोल सकती है। इंडो एग्री फ्यूचर फूड समिट में विशेषज्ञों ने एक मायने में उत्पन्न होने वाली समस्याओं की चिंता जताई। वे मानते हैं कि आने वाले समय में अनाज की मांग की पूर्ति करना एक विपरीत चुनौती हो सकता है। यहां तक कि खेती का रकबा भी घट रहा है, जो खानपान के स्रोतों पर दबाव डाल सकता है। इस समस्या का समाधान किसानों की खेती में विविधता लाने में ही है। दुनिया भर के किसानों के लिए, खाद्य प्रसंस्करण पर जोर देना और नए बायो प्रोडक्ट्स के विकसित करना एक साथ काम करने के लिए एक अच्छी शुरुआत हो सकता है।

## प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण ढांचे में सुधार की मांग: सीआईआई

**पीएसएल ढांचे में उभरते क्षेत्रों को शामिल किए जाने की सिफारिश**

**नई दिल्ली ।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने भारत के प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण (पीएसएल) ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किए जाने का अनुरोध किया है। उद्योग संगठन ने सुझाव दिया है कि इससे देश की उभरती आर्थिक प्राथमिकताओं के साथ बेहतर तालमेल हो सकता है। सीआईआई ने उभरते हुए क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए अधिक विकास वित्त संस्थानों (डीएफआई) की स्थापना का भी आह्वान किया है। प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण में बैंकों को अपने ऋण का एक हिस्सा महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे कृषि, शिक्षा, आवास और छोटे उद्योगों के लिए रखना होता है। सीआईआई के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने बताया कि पीएसएल ढांचा सफल रहा है, लेकिन इसे नए सिरे से दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्होंने भी जोर दिया कि पीएसएल आवंटन में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विभिन्न क्षेत्रों के बदलते योगदान और उनके विकास की क्षमता नजर आनी चाहिए। सीआईआई ने पीएसएल ढांचे में उभरते क्षेत्रों को शामिल किए जाने की सिफारिश की है, जिससे सतत विकास सुनिश्चित हो सके। उद्योग संगठन ने बुनियादी ढांचे और नवोन्मेषी विनिर्माण पर ही ध्यान देने को भी दिया है। सीआईआई की प्रस्तावित श्रृंखला में उद्योग संगठन ने ऋण वितरण में परिणाम–आधारित व्यवस्था में बदलाव की भी सिफारिश की है। उसका कहना है कि विकासात्मक परिणामों पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया जाए। इस प्रपोजल का मकसद भारत के विकास में महत्वपूर्ण उच्च विकास वाले क्षेत्रों को समर्थन करना है, जिससे देश का आर्थिक उद्यमिता और स्थिरता बनाए रह सके।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। आज सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से भी बाजार उछला है। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

इसके अलावा, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला।

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से आईटीसी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे अधिक लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में जोमैटो, मारुति, नेस्ले, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स शामिल हैं।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 499 अंक की तेजी के साथ 78,540 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 166 अंक की बढ़त के साथ 23,753.45 के स्तर पर बंद हुआ।

आज के कारोबार में निफ्टी के जिन शेयरों में सबसे अधिक बढ़त हुई उसमें जेएसडब्ल्यू स्टील पहले नंबर पर रही। ये 2.15 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 937 के लेवल पर बंद हुए जबकि आईटीसी 2.07 फीसदी बढ़कर 474 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं हिंडाल्को के शेयर 1.85 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 634 के स्तर पर बंद हुआ, इंडसइंड बैंक 1.75 फीसदी उछाल के साथ 946 के स्तर पर बंद हुआ जबकि ट्रेंट के शेयर 1.68 फीसदी की बढ़त के साथ ही 6,946 के स्तर पर बंद हुए।

वहीं सबसे अधिक की गिरावट हीरो मोटोकोप के शेयरों में आई है। इसके शेयर आज 1.50 फीसदी नीचे आकर 4,275 के लेवल पर बंद हुए, जबकि मारुति 0.84 फीसदी नीचे आकर 10,810 के लेवल पर बंद हुए।

इसके बाद, एचसीएल टेक के शेयर 0.55 फीसदी नीचे आकर 1,901 के स्तर पर बंद हुए, जबकि एचडीएफसी लाइफ के शेयर 0.53फीसदी की गिरवट के साथ 620.50 के स्तर पर बंद हुए। बजाज फिनसर्व के शेयर 0.43 फीसदी गिरावट के साथ 1,563 के स्तर पर बंद हुए।

आज के कारोबार में बैंकिंग क्षेत्र में अच्छी बढ़त दिखी। बैंक निफ्टी 1.10 फीसदी उछलकर 51,318 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मेटल 0.89 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 8,891 के लेवल पर बंद हुआ। इसके बाद,निफ्टी फॉर्मा 0.31 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,572 के लेवल पर बंद हुआ. निफ्टी आईटी इंडेक्स में 0.13 फीसदी की तेजी आई है और यह 43,828 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी ऑटो 0.10 फीसदी की गिरावट के साथ 22,558 के स्तर पर बंद हुआ.

अन्य एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हॉन्ग कॉन्ग का हैंगसेंग बढ़त में, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजारों में शुक्रवार को तेजी थी। इससे पहले, पिछले पांच कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 4,091.53 अंक टूटा था, जबकि एनएसई निफ्टी 1,180.8 अंक के नुकसान में रहा था।

इससे पहले आज सुबह बाजार बड़े उछाल के साथ खुले। एक्सचेंज के दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त देखी है। अन्य बाजारों में तेजी, मेटल स्टॉक्स में खरीदारी और अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़े अच्छे रहने के चलते बाजार में उछाल देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक चढ़कर 78,488.64 पर खुला। इसी तरह निफ्टी-50 भी 150 से ज्यादा अंक का उछाल लेकर 23,738.20 अंक पर खुला।

## कचरा रिसाइकिल उद्योग: विकास के लिए एक नई दिशा

**11 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार; 2030 तक तीन लाख करोड़ हो जाएगा इंडस्ट्री का आकार**



**हैदराबाद ।** रीसस्टेनिबिलिटी लिमिटे के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि देश के शहरी क्षेत्रों में हर दिन तीन लाख टन कचरा उत्पन्न हो रहा है, जिसमें से केवल 20 फीसदी ही रिसाइकल हो रहा है। इसका मतलब है कि कचरा रिसाइकल उद्योग में बड़ी संभावनाएं हैं। स्वच्छता अभियान और जनता की जागरूकता ने कचरा रिसाइकल के विकास के लिए एक नया मोड़ बनाया है। कंपनियां पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कचरा रिसाइकल क्षमता को बढ़ाने के लिए नई तकनीकों में भारी निवेश कर रही हैं। रीसस्टेनिबिलिटी के अनुसार, इस उद्योग का आकार 2030 तक तीन लाख करोड़ रुपये तक बढ़ने की संभावना है, जो वर्तमान में 60,000 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही कचरा राइसकल उद्योग में 1.25 लाख नौकरियां हैं, जिनसे 2030 तक 11 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकता है। राष्ट्रीय व्यापक कचरा रिसाइकल कंपनियां जैसे हैदराबाद में स्थित रीसस्टेनिबिलिटी और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में बहुमुखी कचरा रिसाइकल प्रोजेक्ट्स की योजना कर रही हैं। ये कंपनियां केवल कचरा का रिसाइकल न करके, बल्कि उससे अन्य उत्पादों का निर्माण भी कर रही हैं। उपरोक्त जानकारी के माध्यम से प्रकट हो रहा है कि कचरे का उपयोग करके वनस्पतियों की सुरक्षा और पर्यावरण की संरक्षा के लिए इन कंपनियों ने प्रेरित कार्रवाई शुरू की है।

# टेस्ला ने फिर गाडियों को तकनीकी खामियों के कारण किया रिकॉल

**नई दिल्ली ।** एक बार फिर टेस्ला कंपनी ने अपनी गाड़ियों में तकनीकी खामियों के चलते रिकॉल किया है। इस रिकॉल में मॉडल 3, मॉडल वाय और साइबरट्रक जैसे लोकप्रिय मॉडल शामिल हैं। इस बार कंपनी ने टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) में खराबी की वजह से अमेरिका में 6.94 लाख से अधिक वाहनों को वापस बुलाया है। रिकॉल का कारण टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम की चेतावनी लाइट का काम न करना है। यह लाइट टायर के हवा के प्रेशर में गड़बड़ी की स्थिति में ड्राइवर को सतर्क करती है। चेतावनी लाइट के न जलने से टायर में कम या अधिक हवा होने का पता नहीं चल पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, अधिक प्रेशर से टायर फटने की भी आशंका रहती है। टेस्ला ने घोषणा की है कि इस समस्या को ओवर-द-एयर (ओटीए) सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए हल किया जाएगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से गाड़ियों के सॉफ्टवेयर को अपडेट कर देगी, जिससे किसी भौतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी।




रिकॉल मैनेजमेंट फर्म बीझीकार की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की पहली तीन तिमाहियों में अमेरिका में जितने वाहन रिकॉल किए गए, उनमें से 21 प्रतिशत टेस्ला के थे। इस साल साइबरट्रक को ही छह बार बाजार से वापस बुलाया गया है। लगातार हो रहे रिकॉल से टेस्ला की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, कंपनी का दावा है कि वह अपने सॉफ़्टवेयर अपडेट्स के जरिए समस्याओं को जल्दी हल करने में सक्षम है।

## जीएसटी काउंसिल अब पुरानी कार बेचने पर भी वसूलेगा टैक्स

**- 18 फीसदी जीएसटी लागू किया जाएगा**



**नई दिल्ली ।** जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में एक नया नियम लागू किया है, जिसके अनुसार अब कारों की बिक्री पर 18 फीसदी जीएसटी लागू किया जाएगा। इसका अर्थ है कि कार के खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य के बीच के मार्जिन पर जीएसटी लागू होगा। यदि कोई व्यक्ति कार खरीदता है और उसे उसे कम कीमत पर बेचता है, तो भी टैक्स वसूला जाएगा। इस नियम से वाहन उद्योग और व्यापारियों के बीच चर्चा हो रही है। जबकि जीएसटी काउंसिल इसे पारदर्शिता और सटीक टैक्स वसूली के लिए एक कदम बताता है, तो कई व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने इसे सवालों से घेर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह नियम जीएसटी के माध्यम से है, न कि कैपिटल गेन टैक्स से। यह नया नियम संपत्ति के लाभ या नुकसान पर वस्तु और सेवा पर कर लगाने का है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों के बीच असमंजस का सिलसिला जारी है।

# भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हराया

**वडोदरा (एजेंसी)।** स्मृति मंधाना (91), हरलीन देओल (44) और प्रतिका रावल (40) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रेणुका सिंह (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0से बढ़त बना ली हैं।

भारत के 314 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 के स्कोर अपने चार विकेट गवां दिये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और किआना जोसेफ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। डिएंड्रा डॉटिन (आठ) और रशादा विलियम्स (तीन) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद शमैन कैंपबेल और आलिया ऑलेन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में रेणुका ने आलिया ऑलेन (13) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद रेणुका ने शबीका गजनबी (तीन) बोल्ड कर अपना चौथा और भारत के लिए छठा विकेट झटका। जायडा जेम्स (नौ), करिश्मा रामहैरक (11), शमिला कॉनेल (आठ) और शमैन कैंपबेल (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने टीम के लिए सर्वाधिक (नाबाद 24) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम को26.2 ओवर में 103 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला रिकार्ड 211 रनों से जीत लिया। भारत की ओर रेणुका सिंह ने पांच विकेट लिये। प्रिया मिश्रा को दो विकेट मिले। तितास साधु और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की भारतीय सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 110रनों की साझेदारी की। 24वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने प्रतिका रावल (40) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 32वें ओवर में जायडा जेम्स ने स्मृति मंधाना को आउट कर भारतीय टीम को दूसरा झटका दिया। स्मृति मंधाना अपने शतक के करीब थी। उन्होंने 102 गेंदों में 13 चौके लगाते हुए (91) रनों की पारी खेली। हरलीन देओल ने 50 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (44) रन बनाये। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 23 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (34) रन बनाये। ऋचा घोष 13 गेंदों में (26), जेमिमाह रॉड्रिग्स 19 गेंदों में (31) रन बनाकर आउट हुई। आखिरी ओवरों में जायडा जेम्स ने चार विकेट झटकर भारतीय टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। दीप्ति शर्मा 12 गेंदों में (14) रन बनाकर नाबाद रही।



भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 314 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर जायडा जेम्स ने आठ ओवरों में 24 रन देकर पांच विकेट झटके। हेली मैथ्यूज को दो विकेट मिले। डिएंड्रा डॉटिन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## 2025 जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2025 में भारत जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें। यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था।

## रोहित में आत्मविश्वास की कमी, वह खुद पर संदेह करते हैं : संजय मांजरेकर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के करीब आते ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने आलोचनाओं से घिरे कप्तान रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर पुनर्विचार करने को कहा है। इस साल टेस्ट क्रिकेट में निरंतरता के लिए संघर्ष कर रहे शर्मा को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के अभियान में सार्थक योगदान देने के लिए अपने दृष्टिकोण को फिर से समायोजित करने की आवश्यकता है, जो वर्तमान में 1-1 से बराबर है।

2024 में टेस्ट क्रिकेट में रोहित का फॉर्म निराशाजनक रहा है। 13 मैचों में उनका औसत 26.39 है, जो उनके आम तौर पर विश्वसनीय मानकों से काफी कम है। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रृंखला के पहले टेस्ट से चूक गए लेकिन एडिलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट के लिए लौटने के बाद दो पारियों में केवल 9 रन ही बना सके। ब्रिसबेन के बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट में उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी की और अपने एकमात्र आउटिंग में सिर्फ 10 रन बनाए।

मांजरेकर ने कहा, 'उसने वह बड़ा खेल खेला है। दक्षिण अफ्रीका में उसने एक पारी में ऐसा खेला था, जिसमें एक छोटा लक्ष्य था और पीछे चले गए, और रोहित शर्मा वास्तव में अच्छा दिखे। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच में गेंदबाजों से वह जूझ रहे हैं, सभी शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं, उन लोगों का सामना करना आसान नहीं है क्योंकि उनके शॉट वास्तव में उच्च जोखिम वाले शॉट हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी गेंदबाजों को परेशान करने के लिए ऐसा करने की कोशिश की, लेकिन आक्रामक शॉट खेलते हुए आउट हो गए।'

मांजरेकर ने कहा, 'उसमें आत्मविश्वास की कमी है और वह खुद पर संदेह करता है। जब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ उस घरेलू श्रृंखला में खेले और भारतीय पिचों पर उनका डिफेंस टूट रहा था, तो यह थोड़ा चौंकाने वाला था।' मांजरेकर के अनुसार, शर्मा की ठोस रक्षात्मक नींव पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थता टेस्ट क्रिकेट में महंगी पड़ रही है। उन्होंने रोहित के मौजूदा संघर्षों की तुलना 2021 के इंग्लैंड दौरे के दौरान उनके प्रदर्शन से की, जहां उन्होंने अनुशासन और रक्षा-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ बल्लेबाजी की। 2021 में रोहित ने इंग्लैंड में एक असाधारण टेस्ट सीरीज खेली, जिसमें उन्होंने 42 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 75 रनों से हराया

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** एश्ले गार्डनर (74), फोबे लिचफील्ड (50) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद एनाबेल सदरलैंड, अलाना किंग (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने सोमवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड को 75 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। एनाबेल सदरलैंड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।




ऑस्ट्रेलिया के 290 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए बेला जेम्स और अमेलिया केर की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 43 रन जोड़े। नौवें ओवर में सदरलैंड ने बेला जेम्स (24) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिय 63 रनों की साझेदारी हुई। 20वें ओवर में सदरलैंड ने सूजी बेट्स (53)को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में अमेलिया केर (22) रनआउट होकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान सोफी डिवाइन (25), ब्रुक हैलीडे (27) रन बनाकर आउट हुई। मैडी ग्रीन 35 गेंदों में (39) रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड के निचले क्रम का कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 43.3 ओवर में 215 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए एनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने तीन-तीन विकेट लिये। किम गर्थ और डार्सी ब्राउन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एलिसा हीली और फोबे लिचफील्ड की ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमेलिया केर ने हीली (39) को आउट कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। फोबे लिचफील्ड (50) को रोजमेरी मैयर ने आउट किया। एलीस पेरी (14), बेथ मूनी (दो), एनाबेल सदरलैंड (42)रन बनाकर आउट हुई। एश्ले गार्डनर ने 62 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। ताहलिया मैकग्राथ, किम गार्थ (10-10) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 49 ओवर में 290 के स्कोर पर समेट दिया।

न्यूजीलैंड की ओर से अमेलिया केर ने चार और रोजमैरी मेयर ने तीन विकेट लिये। सोफी डिवाइन ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

## रोहित शर्मा ठीक, मेलबर्न टेस्ट में खेलेंगे : आकाशदीप

मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा ठीक हैं और 26 दिसंबर से यहां होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलेंगे। इससे पहले रविवार को अभ्यास के दौरान रोहित के अलावा बल्लेबाज केएल राहुल और स्वयं आकाशदीप को भी चोट लगी थी पर उन्होंने मीडिया से बात करने के दौरान कहा कि इस प्रकार की चोट लगती रहती हैं और ये भी खेल का एक हिस्सा है। इसमें चिन्ता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसी चोटें तो लगती रहती हैं। मुझे लगता है ये अभ्यास विकेट सफेद गेंद के लिए थी, यही वजह थी कि कई बार गेंद नीचे रह रही थी। लेकिन ये सब अभ्यास सत्र में सामान्य बात है, किसी भी तरह की कोई गंभीर समस्या नहीं है। रोहित को रविवार को अभ्यास के दौरान घुटने में गेंद लगी थी जिसके बाद वह आइस पैक लगाकर बैठे दिखे थे। रोहित और राहुल के अलावा अभ्यास सत्र में यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और शुभमन गिल भी नई गेंद से अभ्यास करते दिखे। रोहित स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर रहे थे, जहां वह पुल शॉट खेलने के प्रयास में चोटिल हो गये। अभ्यास सत्र खत्म होने तक रोहित ठीक नजर आ रहे थे और वह आराम से कोच और टीम के साथियों के साथ बात करते हुए चल रहे थे। वहीं राहुल को दाहिने हाथ पर और आकाश दीप को भी बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लगी थी। लेकिन मीडिया से बात करने के बाद उन्होंने इस चोट को मामूली करार दिया।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट में शुभमन पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा

मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की नजरें यहां एमसीजी मैदान पर 26 दिसंबर बॉक्सिंग डे पर शुरु हो रही चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन पर रहेंगी। शुभमन अब तक इस सीरीज में एक बार भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। एशियाई देशों के बाहर अब तक उनका रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है जिससे भी वह बेहतर करना चाहेंगे। साल 2022 के बाद से ही एशिया के बाहर उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। शुभमन ने साल 2021 ब्रिसबेन टेस्ट के बाद से ही 16 पारियों में 17.80 की औसत से 267 रन बनाए हैं। साल 2021 में गिल ने 146 गेंदों में 91 रन की दमदार पारी खेली थी लेकिन उसके बाद से ही उनका



बल्ला खामोश है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में शुभमन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं लेकिन तीन पारियों में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट गिल ने नहीं खेला था। लेकिन दूसरे टेस्ट में वह अंतिम ग्यारह का हिस्सा थे और सिर्फ 59 रन ही बना सके। पहली पारी में 31 और दूसरी पारी में उन्होंने 28 रन ही बनाए। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के शुरुआती तीन मैच खेले जा चुके हैं। पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट भारत ने जीता जबकि उसके बाद एडिलेड टेस्ट में उसे हार झेलनी पड़ी तो गाबा टेस्ट ड्रॉ रहा। वहीं भारतीय बल्लेबाज इस सीरीज में अभी तक विफल रहे हैं। शुभमन की खराब फॉर्म भी टीम के लिए चिंता का विषय बन गई है। आने वाले समय को देखते हुए भारतीय क्रिकेट को शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ियों से ही उम्मीदें रहेंगी। शुभमन में सभी को टीम का भविष्य नजर आता है। यही कारम है कि उन्हें टीम में लगातार अवसर मिलते रहते हैं।

# पाकिस्तान ने वर्षा बाधित मैच में दक्षिण अफ्रीका को 36 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** सैम अयूब (101) की शतकीय, बाबर आजम (52) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) की अर्धशतकीय पारियों के बाद सुफिया मकिम की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने रविवार को वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 36 रनों से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपना नाम कर ली।



309 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सात ओवर में 44 रन पर अपने नो विकेट गंवा दिए। कप्तान तेम्बा बवूमा (आठ) और टोनी डीजॉर्जी (26)रन बनाकर आउट हुये। रासी वान दर दुसें (35) और एडन मारक्रम (19) रन बनाकर आउट हुये। द. अफ्रीका की ओर से हेनरिच क्लासेन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। क्लासेन 43 गेंद में 12चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाए। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे द. अफ्रीका के नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। मार्को यानसन (26) और कगिसो रबाड़ा (14) रन बनाकर आउट हुये। कोरिन बोश ने (नाबाद 40) रनों की पारी खेली। द. अफ्रीका 42 ओवर में 271 रन बना सका और उसे डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 36 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

पाकिस्तान के लिए इस मैच में पर्दापण करने वाले सुफियान मुकीम ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिये। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद हसनैन और सैम अयूब ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इस मैच में जीत दर्ज करते ही पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को उसी के घर में क्लीन स्वीप करने वाली विश्व की पहली टीम बन गई। पाकिस्तान के सैम अयूब को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच और 'प्लेयर ऑफ सीरीज' से नवाजा गया। इससे पहले कल देर रात पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 309 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण मैच को 47 ओवर का कर दिया गया था। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लाह शफीक (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 114 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में वेना मफाका ने बाबर आजम (52) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने कप्तान ने भी सैम का साथ पकड़ लिया। 35वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने सैम अयूब को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को तीसरी सफलता दिलाई। अयूब ने 94 गेंदों में 13 चौके और दो छक्कों की मदद से (101) रनों की पारी खेली। मोहम्मद रिजवान ने 52 गेंदों में पांच चौके एक छक्का लगाते हुए (53)रन बनाये। आगा सलमान ने 33 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रन बनाये। शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को रबाड़ा ने अपना शिकार बनाया। तय्यब ताहिर (28) और मोहम्मद हसनैन (चार) रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों को मार्को यानसन ने आउट किया। नसीम शाह पांच रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 47 ओवरों में नौ विकेट पर 308 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाड़ा ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। ब्योर्न फोर्टेन और मार्को यानसन ने दो-दो विकेट लिये। वेना मफाका और कॉर्बिन बॉश ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सिंधु , वैंकट के साथ शादी के बंधन में बंधीं



उदयपुर । भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने रविवार को यहां अपने मंगेतर वेंकट दत्ता साई के साथ शादी के बंधन में बंध गयीं। सिंधु ओर वेंकट की शादी पारंपरिक तरीके से परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में हुई। सिंधु के पति वेंकट हैदराबाद में आई टी कंपनी पॉसाइडेक्स टेक्नोलॉजीज के कार्यकारी निदेशक हैं। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शादी में उपस्थित थे और उन्होंने सोशल मीडिया में शादी की पहली तस्वीर साझा की हैं। शेखावत ने लिखा, कल शाम उदयपुर में ओलंपियन सिंधु और वेंकट दत्ता साई के विवाह समारोह में शामिल होकर बहुत खुशी हुई। इस जोड़े को उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद। जश्न अभी जारी है क्योंकि यह जोड़ा 24 दिसंबर को सिंधु के गृहनगर हैदराबाद में रिसेप्शन पार्टी आयोजित करेगा। सिंधु के पिता ने कहा कि दोनों परिवार एक-दूसरे से अच्छी तरह परिचित हैं, लेकिन शादी की योजना एक महीने के भीतर ही बन गई। जोड़े ने यह तारीख इसलिए चुनी क्योंकि सिंधु अगले साल से शुरू होने वाली ट्रेनिंग और प्रतियोगिताओं में व्यस्त रहेंगी।

## पाक क्रिकेटर अयूब ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में शतक लगाकर बनाया रिकार्ड

जोहानसबर्ग । पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में 94 गेंदों में 101 रन बना दिये। उन्होंने अपनी इस पारी में 13 चौके लगाए और 2 छक्के लगाये। यह इस युवा बल्लेबाज के एदिवसीय करियर का तीसरा शतक है। सैम ने पहले मैच में भी शतकीय पारी खेली थी। इस खिलाड़ी ने अपने तीनो शतक इस साल विदेशी धरती पर लगाई हैं। इस प्रकार इस युवा ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के एक रिकार्ड की बराबरी की है। इस प्रकार सैम ने एक साल में विदेशी धरती पर एकदिवसीय शतक लगाने के मामले में विराट की बराबरी की है। कोहली ने इससे पहले साल 2018 और 2019 में विदेश में तीन एकदिवसीय शतक लगाये थे। कोहली के अलावा महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 2001, राहुल द्रविड़ ने 1999, मोहम्मद हफीज ने 2011 और सलीम इलाही ने साल 2002 में विदेशी धरती पर तीन एकदिवसीय शतक लगाये हैं। एक साल में विदेश में सबसे अधिक एकदिवसीय शतक का रिकार्ड रोहित के नाम दर्ज है। उन्होंने 2019 में 6 शतक लगाये थे। उनके बाद सनथ जयसूर्या ने साल 2006 और कुमार संगाकारा ने साल 2015 में पांच-पांच शतक लगाये थे। वहीं सैम के अलावा पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक लगाया। ये उनका एकदिवसीय में 34 वां अर्धशतक है। उनके अब 120 एकदिवसीय पारियों में 5957 रन और उन्हें 6000 रन पूरे करने के लिए केवल 43 रनों की ही जरुरत है।

## ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा : शास्त्री

मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा। हैड ने अब तक इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाये हैं और सबसे अधिक रन बनाये हैं। शॉर्ट बॉल को जल्दी पहचानने की क्षमता के कारण ही वह बड़े शॉट लगाने में सफल हुए हैं। इस सीरीज की अपनी पहली पारी में 11 रन पर आउट होने के बाद से ही हेड ने अपने अगले तीन मैचों में 89, 140 और 152 रन बनाए हैं। उन्होंने गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि टेस्ट में भी अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 1-1 से बराबरी हासिल की थी। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत चतुर क्रिकेटर है। मैंने उन्हें तीन साल पहले देखा था पर अब लगता है कि उनमें काफी सुधार हुआ है। विशेष रूप से वह जिस तरह शॉर्ट गेंदों को खेलते हैं। पहले वह इस गेंद को खेलने के लिए तैयार रहते थे पर अब उन्होंने इसे छोड़ना भी सीख लिया है। गेंद की 'लाइन एवं लेंथ को जल्दी से परखने की क्षमता हैड को सही स्ट्रोक खेलने का समय देती है। शास्त्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमेशा शॉर्ट गेंद पर बड़ा शॉट लगाना होता है। वह या तो इसे छोड़ने या बड़े शॉट लगाने के लिए तैयार रहते हैं और अगर गेंद मिडिल या ऑफ स्टंप है, तो वह इसे स्क्वायर के सामने भी मारते हैं। जब वह लय में होते हैं तो उन्हें रोकना कठिन हो जाता है। शास्त्री ने कहा कि वह लेंथ अच्छी तरह पकड़ लेता है। यह उनकी सबसे बड़ी ताकत है। और उनके पास ऑफसाइड के लिए शानदार शॉट होते हैं। इसलिए उन्हें रोकना मुश्किल है। इसके साथ ही वह सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के लगभग हर बल्लेबाज के लिए कठिन रहा है पर हैड ने उनका भी सामना आसानी से किया है। शास्त्री ने कहा कि हम सभी जानते थे कि वह खतरनाक है, इसलिए उसे जल्द से जल्द रोकना जरुरी है।



# मोहम्मद शमी को झटका, बड़े टूर्नामेंट से बाहर, बीसीसीआई ने भी कर दिया कंफर्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)** । भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे 2 टेस्ट मैचों में चयन के लिए फिट नहीं माना गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को बताया कि बाएं घुटने की सूजन की चिंताओं के कारण उन्हें फिलहाल ऑस्ट्रेलिया नहीं भेजा जाएगा। शमी एड़ी की चोट और उसके बाद की सर्जरी के कारण एक साल खेल मैदान से दूर रहे थे। उन्होंने इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए वापसी कर 7 विकेट लिए थे। वह सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में भी खेले और 11 मैचों में 7.85 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट लिए, जिसमें हैदराबाद के खिलाफ 3-21 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

बीसीसीआई के खेल विज्ञान प्रमुख नितिन पटेल, शक्ति और कंडीशनिंग कोच निशांत बोरदोलोई, चयनकर्ता अजय रात्रा और एसएस दास शमी की फिटनेस पर नजर जमाए हुए थे। शमी के घरेलू क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन के कारण उनके ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे में शामिल होने की खबरें सामने आई थीं लेकिन इसी बीच बीसीसीआई के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया के शमी के फिटनेस अपडेट ने इस तेज गेंदबाज की ऑस्ट्रेलिया में आखिरी दो टेस्ट मैच खेलने की सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

सैकिया ने कहा कि शमी के जोड़ों पर बढ़ते भार के कारण उनके बाएं घुटने में मामूली सूजन देखी गई है। लंबे समय के बाद मैदान पर वापसी करना और लगातार ओवर करने के कारण ऐसी सूजन आ ही जाती है। वर्तमान चिकित्सा मूल्यांकन के आधार पर, बीसीसीआई मेडिकल टीम ने निर्धारित किया है कि उनके घुटने को गेंदबाजी भार के नियंत्रित प्रदर्शन के लिए अधिक समय की आवश्यकता है। नतीजतन, उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शेष दो टेस्ट के लिए विचार के लिए उपयुक्त नहीं माना गया है।

सैकिया ने यह भी कहा कि शमी बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल स्टाफ के मार्गदर्शन में लक्षित ताकत और कंडीशनिंग का काम करना जारी रखेंगे। शमी को 21 दिसंबर को हैदराबाद में बंगाल के पहले विजय हजारे ट्रॉफी लीग चरण के मैच से आराम दिया गया था और सैकिया ने कहा कि 50 ओवर की प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी उनके बाएं घुटने की प्रगति पर निर्भर करेगी।

ब्रिस्बेन टेस्ट समाप्त होने के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शमी की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से शमी की प्रगति पर अपडेट देने को कहा। लेकिन बीसीसीआई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शमी ऑस्ट्रेलिया नहीं जाएंगे, ऑस्ट्रेलिया में भारत के तेज गेंदबाजी विकल्प जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा बने रहेंगे।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: वृहदमत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



## गोविंदा के बेटे यशवर्धन करेंगे बॉलीवुड डेब्यू?

**अपने शानदार अभिनय, अपने चार्म और अनोखे डांस स्टाइल से सभी दर्शकों का दिल जीतने वाले गोविंदा भारतीय सिनेमा के हीरो नंबर वन हैं। अब वही हूनर और जादू उनके बेटे यशवर्धन दिखा पाते है या नहीं ये तो उनकी डेब्यू फिल्म आने पर ही पता चलेगा। निर्देशक साई रंजन की लव स्टोरी फिल्म से यशवर्धन बॉलीवुड डेब्यू करेंगे।**

### यशवर्धन इस फिल्म से करेंगे डेब्यू

बॉलीवुड स्टार किड्स में से एक हैं गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यशवर्धन जल्द ही बॉलीवुड फिल्मों में अपना करियर शुरू करने वाले हैं। वह निर्देशक साई रंजन की एक शानदार लव स्टोरी से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत करने वाले हैं। यह फिल्म एक रोमांटिक लव स्टोरी होगी।

### साई रंजन करेंगे फिल्म का निर्देशन

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यशवर्धन की इस आगामी फिल्म का टाइटिल अभी तय नहीं किया गया है, लेकिन इतना जरूर तय है कि यह एक रोमांटिक लव स्टोरी होगी और जिसका निर्देशन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता साई रंजन करेंगे।

### नए चेहरे को लॉन्च करना चाहते हैं फिल्ममेकर्स

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस लव स्टोरी फिल्म में यशवर्धन आहूजा को इसलिए लिया गाया है कि क्योंकि साई इस फिल्म में एक फ्रेश चेहरे को लॉन्च करना चाहते थे। फिल्म में यशवर्धन के अपोजिट कौन सी हीरोइन होगी, ये अभी तक तय नहीं हो पाया है। फिल्म 2025 की गर्मियों की छुट्टियों में रिलीज हो सकती है।

### कई फिल्मों के असिस्टेंट डाइरेक्टर रह चुके हैं यशवर्धन

फिल्मों में बतौर अभिनेता कास्ट होने से पहले गोवांदा के बेटे यशवर्धन कई निर्दशकों को असिस्टेंट कर चुके हैं। यशवक्धन ने निर्माता-निर्देशक साजिद नाडियावाला की फिल्म किक 2, तड़प और फिल्म ढिशुम में बतौर असिस्टेंट डाइरेक्टर काम किया है।

### यशर्धन का डांस हुआ था वायरल

गोविंदा के बेटे यशवर्धन को प्यार से उन्हें लोग यश बुलाते हैं। अप्रैल 2024 में गोविंदा के बेटे यशवर्धन का एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। नेटिजन्स ने यशवर्धन के इस डांस को खूब पसंद किया था और जमकर कमेंट्स भी किए थे।



## विजय संग थलपति 69 में नजर आएंगी पूजा हेगड़े

अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर चेन्नई में अपनी मोस्ट अवेटेड 'थलपति 69' की शूटिंग की झलक दिखाई। फिल्म में अभिनेत्री के साथ थलापति विजय लीड रोल में हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर अपनी खुशी जाहिर की है। शेयर की गई तस्वीर में 'चेन्नई मॉर्निंग्स डे 16' लिखा दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि उनका दिन सुबह 6.30 बजे शुरू हो चुका है। 'थलपति 69' के साथ पूजा हेगड़े विजय के साथ पहली बार काम करने जा रही हैं। थलापति और पूजा की आगामी फिल्म एच. विनोद द्वारा निर्देशित और केवीएन प्रोडक्शंस के बैनर तले वेंकट के. नारायण द्वारा निर्मित है। विजय के राजनीति में एंट्री के बाद से थलपति 69 और भी खास हो गई है।

फिल्म में विजय और पूजा हेगड़े के साथ गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज, नारायण, प्रियामणि, ममिता बैजू, मोनिशा ब्लेसी और वरलक्ष्मी शरतकुमार जैसे सितारे अहम रोल में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में विजय एक निलंबित पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे, जो एक खास मिशन के लिए अपनी शक्ति वापस पाता है। 'थलपति 69' अक्टूबर 2025 में रिलीज होगी। फिल्म की शुरुआत 4 अक्टूबर को पारंपरिक पूजा समारोह के साथ हुई। फिल्म मेकर्स ने पहले दिन की तस्वीर



साझा की थी। पूजा हेगड़े के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री की झोली में 'देवा' भी है। एक्शन-ड्रामा फिल्म में पूजा के साथ लीड रोल में शाहिद कपूर हैं। फिल्म 31 जनवरी 2025 को रिलीज होगी। इसके अलावा उनकी झोली में सुपरस्टार सूर्या के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म 'सूर्या 44' और रोमांटिक-कॉमेडी 'है जवानी तो इश्क होना है' भी है।



## मौनी रॉय ने अपने आगामी प्रोजेक्ट सलाकार के साथ फैंस को दिया सरप्राइज

मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक रोमांचक घोषणा से अपने प्रशंसकों को रोमांचित कर दिया है। एंटरप्रेन्योर-अभिनेत्री ने अपने आगामी प्रोजेक्ट सलाकार के सेट से पर्दे के पीछे की तस्वीरें साझा कीं। पोस्ट में क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर दिखाई गई, जिसमें वह निर्देशक फारुक कबीर के साथ पोज दे रही हैं, और एक सेट पर उनके कैंडिड मोमेंट की झलक भी दी गई। पोस्ट को कैप्शन देते हुए मौनी ने लिखा, मेस्ट्रो और म्यूज तैयार हो जाइए 2025 के लिए #हैप्पीस्टोनसेट अभिनेत्री ने उनके अनुयायियों को प्रत्याशा से भर दिया। फैंस अपनी उत्तेजना व्यक्त करते हुए इस प्रोजेक्ट और मौनी की भूमिका के बारे में अनुमान लगा रहे हैं। हालांकि, विवरण अभी तक गोपनीय हैं, फिल्म की रिलीज़ 2025 में तय की गई है, जो इस अभिनेत्री के लिए एक रोमांचक साहसिक कार्य के रूप में और अधिक जिज्ञासा पैदा कर रही है। अपनी अभिनय करियर के अलावा, मौनी रॉय एक उद्यमी के रूप में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। वह बदमाश नामक एक रेस्टोरेंट चेन की मालिक हैं। स्क्रीन पर हो या बाहर, मौनी अपने फैंस को जोड़े रखती हैं और प्रेरित करती रहती हैं।



## अमीषा पटेल का करारा पलटवार अनिल शर्मा पर भड़कीं

'गदर 2' की रिलीज के बाद से अनिल शर्मा और अमीषा पटेल के बीच विवाद ने जन्म ले लिया। दोनों के बीच यह तब शुरू हुआ जब अनिल शर्मा ने एक साक्षात्कार में कहा कि अभिनेत्री सास की भूमिका निभाने से बच रही थी। हालांकि, बाद में वह इसके लिए तैयार हो गईं। अब यह बसह तूल पकड़ती जा रही है। निर्देशक के बयान पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने अब अपनी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री ने 'गदर 2' के निर्देशक अनिल शर्मा की टिप्पणियों का जवाब दिया, जहां उन्होंने सुझाव दिया था कि उन्हें अपने चरित्र के विकास के हिस्से के रूप में सास की भूमिका निभानी चाहिए। मोटी रकम मिलने के बाद भी अभिनेत्री ने कह दिया था कि उन्हें इस तरह की भूमिका में कोई दिलचस्पी नहीं है। हाल ही में निर्देशक अनिल शर्मा ने एक साक्षात्कार में, बताया कि अमीषा पटेल ने शुरू में 'गदर 2' में सास की भूमिका निभाने में झिझक दिखाई थी। निर्देशक ने अभिनेत्री नरगिस दत्त की 'मदर इंडिया' में एक मां की भूमिका निभाने का उदाहरण देते हुए यह कहा कि अभिनेत्रियों को उम्र बढ़ने के साथ अधिक परिपक्व भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### अमीषा पटेल ने दी प्रतिक्रिया

निर्देशक अनिल शर्मा के इस बयान पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ट्विटर पर एक स्क्रीनशॉट साझा किया। अपनी पोस्ट में निर्देशक के प्रति अपना सम्मान जताते हुए उन्होंने कहा कि वह 100 करोड़ जैसी बड़ी रकम के लिए भी कभी सास की भूमिका नहीं निभाएंगी। अभिनेत्री ने लिखा, प्रिय अनिलजी। यह केवल एक फिल्म है और किसी परिवार की वास्तविकता नहीं है। इसलिए स्क्रीन पर मुझे यह कहने का अधिकार है कि मुझे क्या करना है और क्या नहीं करना है। मैं आपका बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन 'गदर' या किसी भी फिल्म में सास का किरदार कभी नहीं निभाऊंगी, भले ही इसके लिए 100 करोड़ रुपये क्यों न दिए जाएं।

### 'कहो ना प्यार है' से किया था डेब्यू

अमीषा पटेल ने साल 2000 में फिल्म कहो न प्यार है से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने हमराज, गदर एक प्रेम कथा, मंगल पांडे, ये है जलवा जैसी कई फिल्मों में काम किया। अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में अपने अभिनय के दम पर एक अलग पहचान बनाई और लोगों की पसंदीदा बन गए।

## कबीर खान ने धर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलाया हाथ

**कबीर खान अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस रहे हैं। बजरंगी भाईजान जैसी यादगार हिट देने के बाद निर्देशक अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलकर एक एक्शन से भरपूर थ्रिलर की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म फिलहाल अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है। वहीं, इसकी कास्टिंग को लेकर दिलचस्प रिपोर्ट सामने आई है। इसने प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है।**

### कबीर खान ने धर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलाया हाथ

कबीर खान की नवीनतम परियोजना एक हाई ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी, और निर्देशक इसके लिए एक बड़े स्टार की तलाश कर रहे हैं। इतना ही नहीं चर्चा है कि सलमान खान और विक्की कौशल दोनों प्रतिष्ठित भूमिका के लिए दौड़ में हैं। जानकारी के अनुसार, कबीर खान करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के साथ मिलकर एक व्यावसायिक एक्शन फिल्म विकसित कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए कास्टिंग के लिए दमदार उपस्थिति वाले स्टार की जरूरत है और कबीर मुख्य भूमिका के लिए सलमान खान और विक्की कौशल दोनों पर विचार कर रहे हैं।

### विक्की और सलमान के बीच कांटे की टक्कर!


कथित तौर पर दोनों कलाकार इस फिल्म में रुचि दिखा रहे हैं। हालांकि, स्क्रिप्ट के अंतिम मसौदे पर अभी भी चर्चा चल रही है। निर्माताओं को उम्मीद है कि सलमान या विक्की में से कोई एक इसे साइन करेगा और फिल्म के साल 2025 के अंत तक फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। कबीर और करण को भरोसा है कि वे हाई-बजट एक्शन थ्रिलर के लिए दो सितारों में से एक को साइन कर लेंगे।


### सलमान खान का वर्कफ्रंट

सलमान खान अपनी आगामी फिल्म सिकंदर की शूट में व्यस्त हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के अवसर पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में उन्होंने फिल्म के एक टीजर की शूटिंग पूरी की है जिसका खुलासा उनके जन्मदिन पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अभिनेता उसी दिन फिल्म से अपना पहला लुक भी जारी करेंगे।

### लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं विक्की

विक्की कौशल की बात करें तो वह छावा की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं और वर्तमान में संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर पर काम कर रहे हैं।





## बॉलीवुड के अल्लू अर्जुन बन सकते हैं वरुण

वरुण धवन इन दिनों खूब चर्चा में हैं। उनकी फिल्म बेबी जॉन क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली है। फिल्ममेकर्स एटली और प्रिया एटली का दावा है कि उनकी यह एक्शन फिल्म वरुण धवन के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जबकि डायरेक्टर कलीस ने वरुण की तारीफ करते हुए कहा है कि वह बॉलीवुड के अल्लू अर्जुन बनने का दम रखते हैं।

बेबी जॉन से डायरेक्टर कलीस भी बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। वह साउथ सिनेमा में बड़ा नाम हैं। बातचीत में कलीस ने अपने हीरो के लिए कहा, वरुण जिस तरह की एक्टिंग, डांस या एक्शन करते हैं, उनमें एक कमर्शियल हीरो बनने के हर गुण हैं। मुझे लगता है कि बॉलीवुड में एक अल्लु अर्जुन वाली जगह जो खाली है, वरुण उसे भर सकते हैं।

कलीस ने आगे कहा, बेशक ऋतिक रोशन सर और दूसरे बेहतरीन हीरो सब भी हैं, मगर अब बॉलीवुड में वैसी मास एक्शन फिल्म कोई नहीं कर रहा है। सभी रियलिस्टिक फिल्में पसंद कर रहे हैं। ऐसे में, अल्लू अर्जुन वाली जगह यहां खाली है, जो वरुण धवन बखूबी भर सकते हैं।

### फिल्म में वरुण की है छोटी सी बेटी

वरुण धवन बेबी जॉन में एक पिता के किरदार में हैं। फिल्म के ट्रेलर में छोटी बच्ची के साथ उनकी केमिस्ट्री को खूब पसंद किया गया है। ऐसे में जब वरुण धवन से इस बारे में सवाल किया, तो उन्होंने कहा, मैंने हमेशा ऐसी फिल्में करने की कोशिश की है, जो बच्चे देख सकें और उसे एंजॉय कर सकें।

### ऐसी फिल्मे करना पसंद है, जो बच्चे देख सकें

वरुण से आगे पूछा गया कि क्या पिता बनने के बाद वह खुद में कोई बदलाव या बच्चों संग ज्यादा लगाव महसूस करते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, मैं बचपन से बच्चों के साथ एंजाय करता रहा हूं। मैंने अपने करियर में पहले भी जो फिल्में की हैं, मेरी कोशिश यही रही है कि उन फिल्मों को बच्चे देख सकें। मेरी सोच हमेशा ये रही है कि मैं वैसी फिल्में बनाना चाहता हूं जो बच्चे देख सकें, एंजॉय कर सकें, जो उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकें। इसलिए, मैं बच्चों के साथ बहुत एंजॉय करता हूं। उनके साथ मस्ती करने, खेलने में मुझे बहुत मजा आता है और जारा (फिल्म में वरुण की बेटी बनीं चाइल्ड एक्टर) के साथ तो मुझे बहुत मजा आया। वरुण ने आगे कहा, जारा बहुत ही प्यारी और एकदम पटाखा एक्टर है। उसने मेरी बेटी के लिए गिफ्ट भी दिया। बाकी, पिता बनने के बाद मैं बदला हूं या नहीं, उसका पता नहीं, क्योंकि मैंने खुद पर इतना ध्यान नहीं दिया।

### सलमान के एक्शन पर बोले वरुण

बेबी जॉन में वरुण धवन ने सलमान खान के साथ भी कोलेबरेशन किया है। सलमान फिल्म में कैमियो रोल में हैं। इस पर वरुण कहते हैं, फिल्म का एक्शन आम फिल्मों से काफी अलग है। यह अंतरराष्ट्रीय और देसी स्टंट का अच्छा मिश्रण है। फिल्म के डायरेक्टर कलीस ने एक्शन के लिए बहुत मशक्कत करवाई है। कभी छह घंटे उल्टा लटकाए रखा, तो कभी सुबह पांच बजे घोड़ा चलवाया। बेबी जॉन में वरुण धवन के साथ जैकी श्रॉफ, कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर बुधवार, 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सफलता को सिर पर हावी नहीं होने देना चाहिए

पंकज त्रिपाठी ने अपनी फिल्म स्त्री 2 की बड़ी सफलता पर खुलकर बात की है। यूं तो इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े और बंपर कमाई की बावजूद इसके पंकज का मानना है कि सफलता को सिर पर हावी नहीं होने देना चाहिए। अभिनेता ने कहानी कहने की कला पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया हालांकि, उन्होंने अपनी फिल्म स्त्री 2 की सफलता पर खुशी भी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मामूली बजट की फिल्म का ब्लॉकबस्टर होना काबिल-ए-तारीफ है।

